www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 190 || लखनऊ
रविवार
11 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
दैनिक
# तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:03
सूर्यास्तः 05:42
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 22°00



पेज 07

विशेष समाचार | जेपी की संपूर्ण क्रांतिः राजनीति ...>> पेज 04 | जंतर-मंतर प्रदर्शन को लेकर ... >>पेज 06 | 72 की हुई रेखा...

## जंतर-मंतर तक नहीं पहुंचा सीजेपी का मार्च ■ ममता बनर्जी समेत कई नेता हिरासत में

# दिल्ली में सड़कों पर संग्राम

**3,500 प्रदर्शनकारी हिरासत में लिए जाने का दावा।**

विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की सख्ती की वजह से शाम 5 बजे तक कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर तक नहीं पहुंच पाए। पुलिस ने सीजेपी की लीडरशिप अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को सुबह ही एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया। पार्टी ने सुबह 10 बजे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन बुलाया था। समर्थकों ने यहां पहुंचने की कोशिश भी की, लेकिन कई जगह 3 से 5 लेयर की बैरिकडिंग की वजह से आगे नहीं बढ़ने दिया। अब तक 3500 लोगों को कस्टडी में लिया गया। इस दौरान ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस से झड़प की एक या दो घटनाएं सामने आईं। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग भी तोड़ी। आकाशवाणी भवन के पास पत्थर फेंके, जिससे 2 पुलिसकर्मी घायल हो गए। CJP ने मतदाता सूची में गड़बड़ियों और SIR के विरोध में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का आह्वान किया था। 8 से 12 अक्टूबर तक CAPF की 221 कंपनियां यानी करीब 23 हजार जवान बुलाए गए। इनके अलावा दिल्ली पुलिस के कम से कम 15 हजार कर्मियों की तैनाती की योजना बनाई गई। दिल्ली पुलिस ने ममता बनर्जी को रिहा कर दिया। उन्हें आज प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था। सोनम वांगचुक CJP के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने X पर बताया- मैं दिल्ली में आप सबके साथ नहीं जुड़ पाऊंगा। हम आने वाली सर्दियों के लिए तैयारियां कर रहे हैं। वे पानी की सुरक्षा के लिए कृत्रिम ग्लेशियर बनाना और ग्लेशियर झील में बाढ़ (GLOF) से सुरक्षा के लिए प्रयोग कर रहे हैं। इससे ऊंचे हिमालय में मौजूद 200 से ज्यादा 'टिकिंग वॉटर बॉम्ब' के खतरे को कम किया जा सकेगा। वांगचुक ने फैज साहब के लिखे शब्दों के माध्यम से कहा कि और भी गम हैं जमाने में सियासत के सिवा, राहतें और भी हैं।





45 मेट्रो स्टेशन सुरक्षा कारणों से बंद रखे गए
23 हजार सीएपीएफ जवान बुलाए गए
15 हजार दिल्ली पुलिसकर्मियों की तैनाती की योजना।
245 ट्रेनें रद्द किए जाने का दावा इनमें 75 मेल/एक्सप्रेस और 170 पैसेंजर ट्रेनें शामिल थीं। इसके अलावा 2 ट्रेनें रीशेड्यूल और 9 ट्रेनों को बीच रास्ते से ही समाप्त या शुरू किया गया।
30 जगहों पर ट्रैफिक प्रतिबंध और डायवर्जन की व्यवस्था की गई।
2 नमो भारत स्टेशन-सराय काले खां और न्यू अशोक नगर- भी बंद किए गए थे।

### पवन खेड़ा बोले- पुलिस गुरुद्वारे में घुस गई

कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने कहा- आप देख रहे हैं कि पिछले पांच दिनों से हमारे साथ क्या हो रहा है। वे इसे और आगे बढ़ा रहे हैं। आज उन्होंने वकीलों को नहीं बख्शा, पत्रकारों को नहीं बख्शा, किसी को नहीं बख्शा। यह आपातकाल है। पुलिस गुरुद्वारे में घुस गई। पुणे पुलिस ने लगभग 80 से 100 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और उन्हें लश्कर पुलिस स्टेशन ले गई। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए छात्रों को कुछ घंटों बाद रिहा कर दिया जाएगा।

### ज्यां द्रेज बोले- लोगों के वोट का अधिकार छीना जा रहा है

अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जरूरत से ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती के कारण कई लोग प्रदर्शन में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को हिंसा या सुरक्षा का खतरा नहीं, बल्कि इस बात का डर है कि लोगों को पता चल जाएगा कि उनका वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है।

### प्रशांत किशोर बोले- सरकार डरी हुई है

जन सूरज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा- आज दिल्ली की सड़कों पर 40,000 पुलिस, अर्धसैनिक बल और सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। यह अपने आप में दिखाता है कि सरकार इस आंदोलन से कितनी डरी हुई है। महाराष्ट्र के नासिक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और SIR के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी, सीजेपी, आईएसआईएफ और विभिन्न छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। DMRC ने कहा कि सुरक्षा कारणों से शुक्रवार रात 9:00 बजे से बंद किए गए 45 मेट्रो स्टेशन आज रात 10:00 बजे (10 अक्टूबर) तक बंद रहेंगे। सुरक्षा एजेंसियां स्थिति की समीक्षा करेंगी और अपडेट साझा किए जाएंगे।

### वांगचुक बोले- मैं फिर से प्रदर्शन करूंगा

सोनम वांगचुक ने कहा कि मैंने नहीं सोचा था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी जाएगी। अगर आज शाम तक सभी प्रदर्शनकारियों को नहीं छोड़ा गया तो मैं फिर से प्रदर्शन करूंगा। वह भूख हड़ताल या धरना हो सकता है। लेकिन मुझे लगता है सरकार पहले ही हमारी बात मान लेगी।





■ सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके मुंबई से दिल्ली फ्लाइट से आए। पुलिस ने उन्हें फ्लाइट में ही हिरासत में ले लिया।



### पुलिस ने 'कॉकरोच' का प्रदर्शन कैसे रोका



1. 38 हजार जवान तैनात
8 से 12 अक्टूबर तक CAPF की 221 कंपनियां यानी करीब 23 हजार जवान बुलाए गए। इनके अलावा दिल्ली पुलिस के कम से कम 15 हजार कर्मियों की तैनाती की योजना बनाई गई।



2. दिल्ली आने वाली ट्रेनें रद्द, बसों की बुकिंग की जांच
शनिवार को सुबह 4 बजे से दोपहर 2 बजे तक आने वाली 250 ट्रेनें रद्द की गईं। बसों की बुकिंग की जांच शुरू की गई, ताकि पता चल सके कि कौन वाहन किराए पर ले रहा है और कितने लोग दिल्ली आने वाले हैं।



3. छात्रों को रोकने की अपील, 2,800 लोगों पर नजर
यूनिवर्सिटी-कॉलेज प्रमुखों और PG मालिकों से संपर्क कर छात्रों को प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने की अपील की गई।



4. मेट्रो स्टेशन बंद, बैरिकेडिंग
10 अक्टूबर को 45 मेट्रो स्टेशनों पर एंट्री और एग्जिट बंद रखने की व्यवस्था की गई। जंतर-मंतर से पहले ही 10 फीट ऊंचे बैरिकेड लगाए गए। आंसू गैस की गाड़ियां भी तैनात की गईं।



5. दिल्ली के बॉर्डर पर सख्ती
दूसरे राज्यों से आने वाले रास्तों पर जांच बढ़ाई गई। यूपी से लगी पूर्वी दिल्ली और शाहदरा सीमा के साथ राजस्थान से आने वाले रूट पर भी नजर रखी गई। कीलें और बैरिकेड लगाए गए।



6. बॉडीकैम से रिकॉर्डिंग, अस्थायी हिरासत केंद्र की तैयारी
झड़पों की रिकॉर्डिंग के लिए फ्रंटलाइन पर तैनात पुलिसकर्मियों को 150 बॉडीकैम दिए गए। प्रदर्शनकारियों को रखने के लिए स्टेडियम में अस्थायी हिरासत केंद्र बनाए गए।



7. दीपके फ्लाइट से ही हिरासत में, रास्ते में ही कार्यकर्ताओं को रोका



अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को फ्लाइट से ही हिरासत में लिया गया। CJP कार्यकर्ताओं को जंतर-मंतर पहुंचने से पहले ही पकड़ा गया।

## फास्ट न्यूज

### रील बनाने के चक्कर में ओडिशा में 2 मौतें

ओडिशा। ओडिशा में सोशल मीडिया रील बनाने के दौरान 24 घंटे में दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक लड़का और एक सांप पकड़ने वाला शामिल है। बौध जिले में शुक्रवार शाम रेलवे ट्रैक के पास रील बना रहा लड़का ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं, पुरी जिले में कोबरा के साथ रील शूट करते समय 28 साल के तपन कुमार प्रधान को सांप ने कई बार डस लिया।

### बारामूला के जंगल में हथियारों का जखीरा बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के जंगल से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोपोर पुलिस से मिले खुफिया इनपुट के आधार पर उत्तरी कश्मीर के सोपोर इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान मुकाम चेहरहार के जंगल में चलाया गया। तलाशी के दौरान बड़े पत्थर के नीचे छिपा नीले रंग का ड्रम और एक बैग मिला। संदिग्ध विस्फोटक की जांच और नष्ट करने के लिए बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। बरामद हथियारों में AK-47, AK-76, चार पिस्तौल, मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर, 11 हैंड ग्रेनेड और तीन IED शामिल हैं।

### केरलम में आंधी में स्कूल की छत उड़ी

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। केरलम के कन्नूर जिले में शुक्रवार को आंधी और बारिश के कारण वायथुर यूपी स्कूल की करीब 15 साल पुरानी भारी छत उखड़कर पीछे की इमारत पर जा गिरी। इसकी चपेट में आने से नीचे खड़ी तीन कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

## चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा रखें : कंवल सिब्बल

### 2 दिन पहले 42 पूर्व जजों ने लेटर लिखा था

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल समेत 124 पूर्व नौकरशाहों ने भारत की चुनावी प्रक्रिया के समर्थन में देश की जनता के नाम लेटर लिखा है। पूर्व राजदूतों और रिटायर्ड IAS अधिकारियों ने लिखा, "हम यह पत्र इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि आजकल हमारे चुनावों के लिए बिना किसी सबूत के 'धांधली' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस शब्द को बार-बार दोहराने से लोकतंत्र में लोगों का वह भरोसा कमजोर होता है।" यह पत्र ऐसे समय आया है, जब चुनाव आयोग और मतदाता सूची के SIR को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है। लेटर में पूर्व अधिकारियों ने चुनावों में गड़बड़ी के पुराने तरीकों का जिक्र किया। उन्होंने वह दौर देखा है, जब बूथ पर हथियार लेकर पहुंचना, बाहुबलियों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करना, फर्जी वोट डालना, बैलेट बॉक्स चुराना और लोगों को मतदान से रोकना जैसी घटनाएं होती थीं।

>> (शेष पेज 06 पर)



## चेलों से क्या लड़ना, आप भी लड़िए, हम भी लड़ते हैं, आमने-सामने हो मुकाबला

# योगी ने अयोध्या से लड़ने का अखिलेश का चैलेंज स्वीकारा

नामांकन

तमसा संकेत, एजेंसी

बलरामपुर। योगी ने अखिलेश की अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती स्वीकार की। बलरामपुर में शनिवार को कहा- अयोध्या से आप भी लड़िए, हम भी लड़ते हैं। आप भी अयोध्या में नामांकन करिए, मैं भी करता हूं। चलिए, एक बार किस्मत आजमा लेते हैं। लड़ाई चेलों से क्यों, आमने-सामने होनी चाहिए। एक बार आमना-सामना हो ही जाए। उन्होंने कहा-सपा के बबुआ अभी से बौखला गए हैं। ये माफिया के सामने नाक रगड़ने वाले, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले लोग हैं। ये हमसे क्या लड़ेंगे, इनकी हिम्मत नहीं है। जनता पहले भी इनकी छुट्टी कर चुकी है। खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी स्थिति इन लोगों की हो चुकी है। अखिलेश ने गुरुवार को सीएम योगी को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था- बड़े-बड़े दावे करने वाले मुख्यमंत्री अगर इतने ही आश्वस्त हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)





"योगी ने कहा- अरे अखिलेश जी, अयोध्या हमारा पावन धाम है। मैं इसलिए अयोध्या बार-बार जाता हूं, जिससे अयोध्या के विकास में कोई कोताही न हो। यूपी की पहचान पर किसी प्रकार का कलंक न लगे। अयोध्या हमारी आस्था की स्थली है। चुनाव लड़ने के लिए नहीं, वहां के विकास के लिए हम जाते हैं।

### सपा सरकार में अयोध्या को तीन-चार घंटे बिजली मिलती थी

योगी ने कहा- अभी तो विकास की शुरुआत हुई है, आगे बहुत कुछ होना बाकी है। सपा सरकार में अयोध्या को तीन-चार घंटे बिजली मिलती थी। विकास में बाधाएं खड़ी की जाती थीं। आज वही अयोध्या रामराज्य के नए उदाहरण के रूप में त्रेतायुग का स्मरण करा रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में 80 प्रतिशत सीटों पर एनडीए जीतेगा। विपक्ष के हिस्से अधिकतम 20 प्रतिशत सीटें ही आएंगी। योगी ने कहा- जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता, जो अयोध्या में राम मंदिर के मार्ग में बाधक थे। वे लोग आज मोदी जी का विरोध कर रहे हैं। विरोध की भी अपनी एक सीमा होती है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अब सामान्य शिष्टाचार भी भूल गए हैं।

**कार्यक्रम :** चेन्नई में छात्रों की गूंज में कहा- वोट चोरी हो रहा, दक्षिण के 7.5 करोड़ युवाओं पर फोकस

# लोकतंत्र खत्म करने वालों से न डरें : राहुल

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई। राहुल गांधी ने चेन्नई में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में कहा- लोकतंत्र खत्म करने वालों से डरने की जरूरत नहीं हैं। आइलैंड ग्राउंड्स में 30 मिनट के कार्यक्रम में राहुल ने कहा- सवाल पूछना हर स्टूडेंट की जिम्मेदारी है। सरकार तमिलनाडु पर हिंदी थोप रही है। तमिल कल्चर, भाषा इतिहास पर हमला किया जा रहा है। आपका वोट चोरी किया जा रहा है। राहुल कोटा, देहरादून, प्रयागराज, पुणे और इंदौर में युवाओं और छात्रों से इस कार्यक्रम में बात कर चुके हैं। यह कार्यक्रम पहली बार दक्षिण भारत में हो रहा है। इन्हीं पर राहुल का फोकस रहेगा। राहुल इस अभियान में शिक्षा, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और युवाओं पर बढ़ते दबाव जैसे मुद्दे उठा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले पांच कार्यक्रमों में करीब 1.54 लाख लोग शामिल हुए थे। समस्या यह है कि मोदी को नहीं पता कि उनका खेल खत्म हो गया है। 15 साल से चला आ रहा गेम अब खत्म है। मोदी ने इस देश के साथ जो किया उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



### राहुल के भाषण की 5 बड़ी बातें...

- **पीएम मोदी पर :** पीएम इंटरनेशनल दबाव में हैं। अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। देश का मूड जनता जान गई है
- **दिल्ली प्रोटेस्ट पर :** पूरी दिल्ली बंद है। पुलिस बच्चों को मार रही है, इंटरनेट बंद है। भाजपा के गुंडे सड़क पर घूम रहे, बच्चों को पीट रहे हैं।
- **तमिल कल्चर पर :** तमिल कल्चर, भाषा और इतिहास पर हमला किया जा रहा है। तमिलनाडु पर हिंदी थोपी जा रही है। सरकार के लिए तमिल कल्चर और इतिहास सेकेंड्री है।
- **पेरियार पर :** पेरियार महान इंसान थे, क्योंकि वे सवाल करते थे। पेरियार ने स्टूडेंट को सिखाया कि बिना समझे किसी भी विचार को फॉलो न करें।
- **एजुकेशन सिस्टम पर :** सेंट्रलाइजेशन, 87% MBBS तमिल सीट कम की जा रही हैं। 70% यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर नहीं है, उसको RSS के गर्वनर चला रहे हैं।



### राहुल बोले- लोकतंत्र खत्म करने वालों से डरना नहीं है

राहुल ने कहा- पीएम मोदी कंप्रोमाइज्ड है, चाहे वो फाइनेंशियल फोर्सेज के जरिए हों या इंटरनेशनल दबाव में। वे लोग मोदी को कंट्रोल कर रहे हैं। मोदी अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। देश का मूड जनता जान गई है, सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरे देश के लोगों से कहना चाहता हूं कि आपको डरने की जरूरत नहीं है।

"राहुल बोले- मोदी जिज्ञासा की फाउंडेशन को नष्ट कर रहे हैं। वे वोट चोरी इलेक्शन चोरी कर रहे हैं। आपने आज दिल्ली में देखा पूरा शहर बंद कर दिया। पुलिस बच्चों को मार रही है, इंटरनेट बंद है।

## इंडिया ब्लॉक और सीजेपी दो अराजक गुट : नितिन नवीन

### दोनों में अराजकता फैलाने की होड़, सरकार सख्ती से निपटेगी

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विपक्ष और कॉकरोच जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- आज देश में बेहद खतरनाक और गंभीर स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही है। दो अराजक गुट देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एक का नेतृत्व INDIA ब्लॉक के राहुल गांधी और दूसरे का नेतृत्व अरविंद केजरीवाल के सहयोगी CJP कर रही है।

नितिन नवीन कहा- INDIA ब्लॉक और CJP में होड़ लगी है कि कौन ज्यादा अराजकता फैलाएगा। भारत की जनता उनके इरादों को अच्छी तरह समझती है। जनता उन्हें नकार चुकी है। नवीन ने चेतावनी दी कि केंद्र सरकार तनाव भड़काने की कोशिशों से सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर ऐसे मंसूबों को नाकाम करेंगे। भाजपा अध्यक्ष का बयान ऐसे समय में आया है जब CJP ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और SIR के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आज प्रदर्शन का आह्वान किया है। कॉकरोच पार्टी ने SIR के दौरान मतदाता सूची में हेरफेर और फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर सवाल उठाए हैं।



## मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सैफई में दी गई श्रद्धांजलि, अखिलेश ने भाजपा पर लगाया वोट चोरी और चुनाव में धांधली का आरोप

# नेताजी की विचारधारा को सैकड़ों वर्षों तक आगे बढ़ाएंगे: अखिलेश



मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में एक ओर समाजवादी पार्टी ने उनकी विचारधारा, सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई, वहीं अखिलेश यादव ने आगामी चुनावों को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर अपने हमले तेज किए।

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, संवाददाता

सैफई/इटावा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर शनिवार को पूरे प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम इटावा के सैफई में हुआ, जहां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और हजारों



कार्यकर्ताओं ने नेताजी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने नेताजी के जीवन और समाजवादी विचारधारा को याद करते हुए कहा कि समाजवादी सिद्धांतों के प्रति समर्पित उनका जीवन सभी के लिए बहुमूल्य धरोहर है। नेताजी ने सिखाया कि मदद करना मानवता की पहली सीढ़ी है। समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति की ओर हाथ बढ़ाना और उसे साथ लेकर चलना ही सच्ची समाजवादी सोच है। उन्होंने कहा कि केवल कागजों पर

### भाजपा पर लगाया वोट चोरी की साजिश का आरोप

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में धांधली और वोट चोरी की साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के बचाव में सामने आ जाती है, जबकि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसकी जिम्मेदारी निष्पक्ष तरीके से काम करना है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं, तो भाजपा उसका बचाव क्यों करने लगती है।

समानता लिख देने से बदलाव नहीं आएगा, बल्कि समाज में व्याप्त भेदभाव और मनमुटाव को भी समाप्त करना होगा। जब तक लोग

### 2027 के चुनाव को बताया लोकतंत्र की बड़ी परीक्षा

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा की कथित बेईमानी के खिलाफ जनता के बीच रहकर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किसान, नौजवान, छात्र, व्यापारी और समाज के सभी वर्गों को मिलकर आगे आना होगा। उनके अनुसार, भाजपा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण के लिए खतरा है।

पीड़ित, दुखी और अपमानित हैं, तब तक संघर्ष जारी रखना होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग को लोकतंत्र में अपनी विश्वसनीयता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि देश के विभिन्न राजनीतिक दलों ने समय-समय पर चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं। उनके मुताबिक, भाजपा चाहती है कि मतदाता सूची में केवल उसके समर्थकों के नाम रहें। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कथित साजिश के खिलाफ देश के युवा और विपक्षी दल एकजुट हैं। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के पीडीए



### पीडीए की विचारधारा में दिखती है नेताजी की विरासत

अखिलेश यादव ने कहा कि आज पीड़ित और वंचित वर्गों को एकजुट करने के लिए समाजवादी पार्टी पीडीए को प्रेम, दया और अपनेपन की बुनियाद मान रही है। नेताजी इन मूल्यों के जीवंत उदाहरण थे और उनकी स्मृतियां हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने संकल्प दोहराया कि मुलायम सिंह यादव की समाजवादी विचारधारा को आने वाली कई सदियों तक आगे बढ़ाया जाएगा। कमजोर, पीड़ित और बेसहारा लोगों को साथ जोड़कर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा तथा भेदभाव समाप्त करने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने नेताजी द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को भी आगे बढ़ाने की बात कही।

प्रहरियों ने बड़ी संख्या में ऐसे मामलों का पता लगाया, जिनमें कथित तौर पर फर्जी फार्म-7 भरवाकर सपा समर्थकों के वोट कटवाने की कोशिश की गई।

**फास्ट न्यूज**

### दिल्ली में प्रदर्शन से लखनऊ की 8 ट्रेनें रद्द

लखनऊ। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शनिवार को प्रस्तावित कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के चलते लखनऊ और दिल्ली के बीच रेल यातायात प्रभावित हुआ है। रेलवे ने परिचालन संबंधी कारणों और दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों के आसपास यातायात की स्थिति को देखते हुए कई ट्रेनें रद्द कर दी हैं। शुक्रवार को लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस समेत पांच ट्रेनें नहीं चलीं।

### इकाना स्टेडियम की पार्किंग गोमती की बाढ़ में डूबा


लखनऊ । लखनऊ में गोमती नदी का जलस्तर लगातार 12वें दिन भी बढ़ रहा है। इकाना स्टेडियम का पार्किंग जलमग्न है। पंप लगा कर पानी निकाला जा रहा है। मैच होने के बाद से बढ़ने वाले पानी पर लोगों ने चिंता जताई। वहीं थोड़ी दूर पर फीनिक्स पलासियो के सामने जलभराव खत्म हो गया है।

फैजुल्लागंज में 40 हजार घरों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। वहीं, पहली बार इस नवरात्रि पर चंद्रिका देवी मंदिर में भक्त दर्शन नहीं कर पाएंगे। बाढ़ के चलते मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। इस बार अमावस्या का मेला भी नहीं लगेगा।

### खामेनेई पर विवादित टिप्पणी का विरोध

लखनऊ। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने एक कॉमेडी शो में आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामेनेई के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किए जाने के मामले में कड़ी आपत्ति जताई है। मौलाना यासूब अब्बास ने चौक कोतवाली पहुँचकर लखनऊ निवासी युवक के विरुद्ध शिकायत-पत्र जमा किया और प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### सतीश महाना ने राम गोविंद चौधरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया





तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, आठ बार के विधायक एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री राम गोविंद चौधरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री महाना ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्री राम गोविंद चौधरी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। उनके निधन से प्रदेश ने एक अनुभवी राजनेता और समर्पित जनप्रतिनिधि को खो दिया है। सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस कठिन समय में परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### लखनऊ में दीवार भरभराकर गिरी

लखनऊ । लखनऊ में खाली प्लॉट की पुरानी और जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में एक महिला मामूली रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, दीवार के मलबे में पास खड़ी आठ मोटर-साइकिलें दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटवाने का काम शुरू करवाया। उसके नीचे दबी मोटरसाइकिलों को बाहर निकालने का काम शुरू कराया। लोगों ने बताया कि दीवार काफी पुरानी और कमजोर थी। जिसकी वजह से हादसा हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां भीड़ नहीं थी जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना मड़ियांव थाना क्षेत्र के अजीज नगर चौकी के पास की है। जहां एक पुरानी और जर्जर दीवार अचानक ताश के पत्तों की तरह ढह गई। इस हादसे में एक महिला चोटिल हो गई।

## अभ्यर्थियों ने लगाए आरक्षण घोटाले के आरोप, पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेजा

# शिक्षक भर्ती-अभ्यर्थियों ने संजय निषाद का आवास घेरा

**अभ्यर्थियों ने कहा कि वे लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इस बार उन्हें नियुक्ति मिलेगी या उनकी अर्थी उठेगी।**



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में शनिवार को 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने मत्स्य मंत्री संजय निषाद के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थियों ने 'आरक्षण घोटाला' लिखी टोपी पहनी, सीटी बजाई और नारे लगाए। प्रदर्शन करीब 25 मिनट तक चला। इस दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें जबरन हटाया और उनके साथ बदसलूकी की। अभ्यर्थियों की मांग है कि 2018 की भर्ती में उन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाए। साथ ही 5% छूट के आधार पर संशोधित चयन सूची जारी की जाए। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, वर्ष 2018 में 68,500 सहायक शिक्षकों की भर्ती निकाली गई थी। इसमें दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 5% की छूट का प्रावधान था। आरोप है कि इन चारों श्रेणियों के अभ्यर्थियों को इसका लाभ नहीं मिला और सामान्य अभ्यर्थियों के साथ ही परिणाम जारी कर दिया गया। प्रदर्शन कर रहे आशुतोष वर्मा ने कहा कि पिछले 8 साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उनका आरोप है कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती में बड़े स्तर पर आरक्षण में गड़बड़ी हुई है। राज्य और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी आरक्षण में गड़बड़ी की बात मानते हुए नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि आयोग के आदेशों का पालन किया जाए। वर्ष 2018 में भर्ती निकली थी और तभी उन्होंने आवेदन किया था। इसके बाद से नौकरी की उम्मीद में 8 साल से लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें नौकरी नहीं मिली है।

### ऐसी क्या मजबूरी है आरक्षण की चोरी है

प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने 'ऐसी क्या मजबूरी है-आरक्षण की चोरी है' और 'पिछड़ा आयोग ने माना है-आरक्षण घोटाला है' जैसे नारे लगाए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की। इसके बाद दोनों के बीच धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन में दिव्यांग अभ्यर्थी भी शामिल थे।

## लखनऊ में भाई ने हत्या का आरोप लगाया, ब्लड कलेक्शन का काम करता था

# खून से लथपथ मिला युवक का शव

तमसा संकेत, एजेंसी

बख्शी का तालाब । लखनऊ में शुक्रवार रात सड़क किनारे खाली प्लॉट में युवक का खून से सना शव मिला। युवक के चाचा ने सड़क किनारे उसे पड़ा देखा। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे भाई और पिता युवक को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

रितेश अपने चाचा के कामा पैथालॉजी लैब में काम करता था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनास्थल से युवक के बाइक से टूटे हुए पुर्जे और शव से कुछ दूरी पर उसकी घड़ी बरामद हुई है। घटना बख्शी का तालाब (बीकेटी) इलाके की है। कुछ देर बाद पीछे आ रहे कन्हैया लाल ने सड़क किनारे





### लैब बंद करके घर के लिए निकला था

बन्नौर के रहने वाले रितेश यादव अपने चाचा कन्हैया लाल के पैथालॉजी सेंटर में करते थे। परिजनों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह घर से 9:30 बजे लैब के लिए निकला था। रितेश रात में 9 बजे लैब बंद करके चाचा के साथ घर के लिए निकला था। रास्ते में चाचा सब्जी लेने के लिए रुक गए। इसके बाद वह बाइक से आगे निकल आया।

पड़ी स्कूटी देखी। उसकी लाइट जल रही थी। रितेश स्कूटी से 100 मीटर दूरी पर एक खाली प्लॉट खून से लथपथ हालत में

### अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित

परिजन तत्काल उसे 100 शैय्या अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई राहुल का कहना है कि रितेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। शरीर को देखकर ऐसा लग रहा था कि उसको किसी ने मारने के बाद वहां लिटा दिया है। उसके शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे।

पड़ा था। चाचा कन्हैयालाल ने बड़े भाई राहुल को फोन करके बताया कि रितेश के साथ कुछ हो गया है। सूचना

रितेश के परिवार में बड़े भाई राहुल, रोहित, मां सुरेखा और पिता राजेश हैं। बेटे की मौत से मां बदहवास है। वहीं भाई-बहन और पिता का भी रो-रोकर बुरा हाल है। वह चाचा के पैथालॉजी सेंटर में ब्लड कलेक्शन का काम करता था।

मिलते ही परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए।

### जेपी जयंती पर जेपीएनआईसी जाएंगे अखिलेश यादव

#### दौरे से पहले परिसर के बाहर पुलिस ने की बैरिकेडिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में रविवार को JPNIC में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। अखिलेश यादव 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे JPNIC के सोशलिस्ट म्यूजियम में प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचेंगे। इसे देखते हुए परिसर के बाहर पुलिस ने बैरिकेडिंग शुरू कर दी है। मौके पर गाड़ियों से बैरिकेडिंग का सामान लाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन को उनकी जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अखिलेश यादव के कार्यक्रम को देखते हुए JPNIC परिसर के बाहर पुलिस ने बैरिकेडिंग की



है। मौके पर वाहनों से बैरिकेडिंग का सामान पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

कार्यक्रम के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा, उप पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त, पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। सपा अध्यक्ष को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है।

**घटना : मां बोली- लड़की ने पीटकर फेंका ■ 4 महीने से लिव-इन में रह रहा था**

# गर्लफ्रेंड के फ्लैट से गिरकर कारोबारी की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में चौथी मंजिल से गिरकर एक कारोबारी की मौत हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कारोबारी शिवा शर्मा की मां ने गर्लफ्रेंड पर हत्या का आरोप लगाया है। वह पिछले 4 महीने से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लिव-इन में रह रहा था।

गर्लफ्रेंड श्रद्धा दुबे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर है और उसके इंस्टाग्राम पर 1 लाख 41 हजार फॉलोअर हैं। उसने कुछ गानों के एलबम में भी काम किया है।

शिवा शर्मा वंदे मातरम चिकन के नाम से कपड़े की दुकान और आंगन नाम से रेस्टोरेंट चलाता था। पुलिस कारोबारी को धक्का दिए जाने समेत अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे




हजरतगंज थाना क्षेत्र के अवध ग्रीन अपार्टमेंट की है।

शिवा का परिवार अलीगंज के सेक्टर-F के सी-40 में रहता है। उसकी मां रंजना शर्मा ने बताया- मेरा बेटा शिवा शर्मा पिछले 4 महीने से श्रद्धा दुबे नाम की लड़की के साथ लिव-इन में रह रहा था। वह मेरे बेटे को झूठा आरोप लगाकर मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देती थी। वह चाहती थी कि मेरा बेटा उसी के पास रहे। उसे तरह-तरह से ब्लैकमेल करती थी। 9 अक्टूबर रात करीब 7 बजे श्रद्धा दुबे और उसकी बहन के ड्राइवर आदिल का मेरे पास फोन आया कि शिवा की तबीयत खराब है। उसे लेकर हास्पिटल जा रहे हैं। फिर

### घरवालों को देखते ही ड्राइवर भाग गया

मां रंजना शर्मा ने आरोप लगाया कि वह जब मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर पहुंची, तो वहां एम्बुलेंस के पास श्रद्धा की बहन रश्मि का ड्राइवर दानिश खड़ा था। घरवालों को देखते ही दानिश एम्बुलेंस और शिवा को वहीं छोड़कर भाग गया। जब हम लोगों ने एम्बुलेंस ड्राइवर से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह 3 घंटे से राम मनोहर लोहिया अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के चक्कर काट रहा है। इसके बाद हम लोग शिवा को अंदर एडमिट कराने ले गए, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थोड़ी देर बाद आदिल ने बताया कि हम लोग शिवा को KGMU ले जा रहे हैं। इसके बाद हम लोग KGMU पहुंचे, तो श्रद्धा समेत सभी लोग शिवा की बॉडी दिखाकर भाग गए।

मेरे बेटे के शरीर पर काफी चोटें थीं।



■ यह अवध ग्रीन अपार्टमेंट है, जहां से कारोबारी की गिरकर मौत हुई है। कारोबारी पिछले 4 महीने से इसी अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लिव-इन में रहता था।

उसके शरीर पर सिर्फ अंडरवियर थी। शरीर पर मेकअप लगा था।

# आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे युवक पर हमला

#### काकोरी में लोहे की रॉड से पीटा, बायां हाथ टूटा नशे की हालत में घर में घुसा था

तमसा संकेत, एजेंसी

दुबग्गा। लखनऊ में काकोरी थाना क्षेत्र के मंडौली गांव में घर से सामान भरा बैग लेकर आरोपी के परिजनों को जानकारी देने जा रहे युवक पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमले में युवक का बायां हाथ टूट गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

मंडौली निवासी श्यामू पुत्र स्वर्गीय सुल्लू के मुताबिक, आठ अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह अपने पुत्र और मां के साथ घर में घरेलू कामकाज कर रहा था। इसी दौरान गांव का बबलू पुत्र गया प्रसाद कथित तौर पर नशे की हालत में उसके घर पर बैठा हुआ था। श्यामू



का आरोप है कि कई बार कहने के बावजूद बबलू उसके घर से नहीं निकला। इसके बाद श्यामू ने उसका सामान से भरा बैग उठाया और उसके घर पर इसकी जानकारी देने पहुंच गया। वहां सूचना देने के बाद जब वह अपने घर लौट रहा था, तभी बबलू ने उसे अपने घर के पास देख लिया। आरोप है कि इस पर वह आगबबूला हो गया और लोहे की रॉड से श्यामू के सिर पर हमला कर दिया। श्यामू ने सिर पर होने वाले वार को हाथ से रोकने का प्रयास किया, जिससे रॉड उसके बाएं हाथ पर लग गई। पीड़ित के अनुसार, इस हमले में उसका बायां हाथ टूट गया। घटना के बाद उसने पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# मुलायम सिंह यादव को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

## उन्नाव कार्यालय में नेताजी के राजनीतिक संघर्ष और कामों को किया याद

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्नाव स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद अन्नू टंडन, जिलाध्यक्ष जयचंद्र विमल समेत पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान नेताओं ने मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक जीवन, संघर्ष, जनसेवा और ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उनके बताए रास्ते



पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 'नेताजी अमर रहें' के नारे भी लगाए गए। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान उनके बताए रास्ते पर चलने और समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी के विचार और राजनीतिक अनुभव पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके जीवन से संघर्ष, जनसेवा और जनता के बीच रहकर काम करने की सीख मिलती है। कार्यक्रम में 'नेताजी अमर रहें' के नारे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### संघर्ष से शिखर तक पहुंचने वाले नेता थे मुलायम सिंह यादव

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के लंबे राजनीतिक सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने संघर्ष के बल पर राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई। शिक्षक, पहलवान और ग्राम प्रधान के रूप में अपने सफर की शुरुआत करने वाले मुलायम सिंह यादव ने प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय राजनीति तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और देश के रक्षा मंत्री के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने लोकसभा सांसद और नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी कार्य किया। नेताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का राजनीतिक जीवन आम लोगों से जुड़ाव और जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के हितों की बात करते हुए राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई। उनके अनुभव, संघर्ष और फैसलों का प्रदेश की राजनीति पर व्यापक प्रभाव रहा।

**नेताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की पहचान केवल एक राजनीतिक नेता के रूप में नहीं, बल्कि जनसरोकारों से जुड़े व्यक्ति के रूप में भी रही। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में किसानों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनके संघर्ष और जनसेवा की भावना को याद करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।**



### 'धरतीपुत्र' और 'नेताजी' के रूप में किया याद

*कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव को जनमानस में लोकप्रिय 'धरतीपुत्र' और 'नेताजी' बताते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाजवादी पार्टी की स्थापना कर उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी और पार्टी को प्रदेश की प्रमुख राजनीतिक ताकतों में स्थापित करने में योगदान दिया।*

**नेताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और आम लोगों के मुद्दों को राजनीतिक मंच पर उठाने में अहम भूमिका निभाई। उनके विचारों और समाजवादी सिद्धांतों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।**

## कैन-बोतल सप्लाई महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

बाराबंकी। बाराबंकी जिले में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल सफल हो रही है। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने 'पारिजात' ब्रांड के नाम से आरओ वाटर प्लांट शुरू किया है। इससे करीब 400 समूहों की 4 हजार महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह प्लांट महादेवा प्रेरणा महिला संकुल समिति ने 4 अगस्त को सूरतगंज ब्लॉक के लोधौरा गांव में शुरू किया था। यहां पानी को कैन, बोतल और पाउच में पैक किया जाता है। इसकी सप्लाई सूरतगंज, रामनगर, महादेवा और रानीगंज समेत आसपास के इलाकों में 70 से 80 दुकानों तक हो रही है। प्लांट में काम करने वाली महिलाएं उत्साहित हैं, उन्हें घर बैठे रोजगार मिला है। इससे वे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगी। जिला मिशन प्रबंधक बीके मोहन ने बताया कि पहले महीने में करीब एक लाख रुपये की आमदनी हुई है।

**फास्ट न्यूज**

### इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण

हरदोई। हरदोई में जेके पब्लिक स्कूल पहली इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 की तैयारी कर रहा है। शनिवार को प्रतियोगिता की ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी का अनावरण हुआ। इसे मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव मोहन अवस्थी ने किया। यह प्रतियोगिता 12 से 14 अक्टूबर तक सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम, हरदोई में होगी। इसमें कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### केयरटेकरों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

उन्नाव। उन्नाव में जन कल्याण केयरटेकर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश से जुड़े केयरटेकरों ने शनिवार दोपहर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने हाथों में बैनर लेकर मानदेय और सेवा संबंधी समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। केयरटे-करों ने पांच सूत्रीय मांगपत्र के जरिए व्यवस्था में सुधार और लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि मानदेय भुगतान में देरी और सेवा से जुड़ी दिक्कतों के कारण उन्हें परेशानी होती है। उनकी प्रमुख मांगों में बकाया मानदेय का समय पर भुगतान, मानदेय सीधे बैंक खातों में भेजना और बिना नोटिस हटाए जाने पर रोक लगाना शामिल है।

### झाड़ू लगा रही महिला पर बंदर ने किया हमला

हैदरगढ़। बाराबंकी के हैदरगढ़ में घर के बाहर साफ-सफाई करना एक महिला के लिए जानलेवा मुसीबत बन गया। शनिवार सुबह झाड़ू लगा रही 52 वर्षीय महिला पर बंदर ने अचानक हमला कर दिया। बंदर ने महिला को काटने के साथ बुरी तरह नोंच लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया।

## भाकियू ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए-सवाल

### हरदोई में एडीएम को सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जनपद में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने दिल्ली में चल रहे 'सीजेपी' के आंदोलन को अपना खुला समर्थन दिया है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष प्रगट सिंह के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट में एडीएम दीपाली भार्गव को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया और प्रक्रियात्मक कमियों पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जाँच, कटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम तुरंत बहाल करने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन शनिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि मतदाता सूची को शुद्ध



करने के नाम पर किसी भी पात्र नागरिक, विशेषकर किसानों, मजदूरों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष प्रगट सिंह ने एक बड़ा ऐलान करते हुए बताया कि संगठन 'सीजीपी' (CGP) का खुला समर्थन करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूनियन यह भी चाहती है।

## तालाब के पास मिला था शव, पेड़ से लटक रही थी रस्सी, हत्या की आशंका

## युवक की संदिग्ध मौत पर शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे परिजन

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में माखी थाना क्षेत्र के गोपीखेड़ा गांव में 23 वर्षीय शुभम उर्फ छोटू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शुभम का शव शुक्रवार शाम गांव के बाहर तालाब के पास मिला था। परिजनों के मुताबिक, शुभम शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे घर से निकला था।

काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। घटनास्थल पर एक पेड़ से रस्सी लटक रही थी, जबकि शुभम



का शव नीचे पड़ा मिला था। इस परिस्थिति को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शुभम के भाई के मुताबिक, उसका किसी से विवाद नहीं था। परिवार ने आशंका जताई कि किसी का फोन आने के बाद वह तड़के घर से निकला होगा। हालांकि, फोन आने और मौत के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है।

### पेड़ से लटक रही थी रस्सी, नीचे पड़ा था शव

घटनास्थल पर एक पेड़ से रस्सी लटक रही थी, जबकि शुभम का शव नीचे पड़ा मिला था। इस परिस्थिति को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शुभम के भाई के मुताबिक, उसका किसी से विवाद नहीं था। परिवार ने आशंका जताई कि किसी का फोन आने के बाद वह तड़के घर से निकला होगा। हालांकि, फोन आने और मौत के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है।



### शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे परिजन

शव मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की थी। शनिवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजन शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मांग की कि मौत की परिस्थितियों की निष्पक्ष जांच हो। किसी की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। माखी थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल शुभम की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। आसपास के इलाकों में खोजबीन के बाद शाम करीब 5 बजे गांव के बाहर तालाब के पास उसका शव मिलने की सूचना मिली। इससे परिवार में चीख-पुकार मच गई।

## तालाब के पास मिला था शव, पेड़ से लटक रही थी रस्सी, हत्या की आशंका

## युवक की संदिग्ध मौत पर शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे परिजन

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। जिले के माखी थाना क्षेत्र के गोपीखेड़ा गांव में 23 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार शाम गांव के बाहर तालाब के पास युवक का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर एक पेड़ से रस्सी लटक रही थी, जबकि युवक का शव नीचे पड़ा मिला था। इस परिस्थिति को देखते हुए परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजन शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और यदि किसी की संलिप्तता



सामने आए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। घटनास्थल की परिस्थितियों ने युवक की मौत को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### शुक्रवार तड़के घर से निकला था शुभम

माखी थाना क्षेत्र के गोपीखेड़ा गांव निवासी 23 वर्षीय शुभम उर्फ छोटू शुक्रवार सुबह करीब चार बजे अपने घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक, काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों को चिंता होने लगी। इसके बाद उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों और आसपास के लोगों ने संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन शुरुआती तौर पर शुभम का कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे गांव के बाहर तालाब के पास शुभम का शव मिलने की सूचना मिली। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी।

**"शुभम के भाई के मुताबिक, उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। परिवार के लोगों ने आशंका जताई कि संभव है किसी का फोन आने के बाद शुभम तड़के घर से निकला हो। हालांकि, फोन आने और उसकी मौत के बीच किसी तरह के संबंध की अभी पुष्टि नहीं हुई है। परिजन चाहते हैं कि पुलिस इस पहलू की भी जांच करे, जिससे युवक के घर से निकलने से लेकर शव मिलने तक की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।**

## मुलायम-सिंह-यादव को श्रद्धांजलि, सपा कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

### अखिलेश यादव को 2027 में सीएम बनाने का प्रण

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जनपद में समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर शनिवार की दोपहर 1:30 समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष शराफत अली ने की। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए संघर्षमयी रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराया। साथ ही, वर्ष 2027 में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि नेताजी ने डॉ. राममनो-हर लोहिया और 'छोटे लोहिया' जनेश्वर मिश्र के सानिध्य में



राजनीति सीखकर समाजवाद की अलख जगाई। उन्होंने चुंगी समाप्त करने, अस्पताल का पर्चा ₹1 करने तथा पिछड़ों, गरीबों, मजलूमों और महिलाओं को सामाजिक व राजनीतिक हक दिलाने का ऐतिहासिक काम किया। देश के रक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके पैतृक घर तक पहुँचाने की व्यवस्था लागू की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनिल वर्मा एवं वरिष्ठ सपा नेता अखिलेश पाठक ने भी पूर्व रक्षा मंत्री से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए कार्यकर्ताओं से उनके अटूट रिश्तों को याद किया।

**आयोजन :** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर नुक्कड़ नाटक और कला से दिया संदेश

## हरदोई मेडिकल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जनपद में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्या-लय (मेडिकल कॉलेज) के मानसिक रोग विभाग द्वारा 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और इससे जुड़ी भ्रांतियों व सामाजिक कलंक (स्टिग्मा) को समाप्त करना था। शनिवार की दोपहर 12:15 बजे आयोजित किया गया। यह जानकारी मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी व दंत विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. शिवम यादव ने दी




है। कार्यक्रम के दौरान एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्रों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) की प्रस्तुति दी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने मानसिक समस्याओं, उनके शुरुआती लक्षणों और समय पर सही डॉक्टरी परामर्श के महत्व को बखूबी रेखांकित किया। इसके अलावा, पोस्टर मेकिंग, रील प्रतियोगिता और आकर्षक रंगोली के जरिए युवाओं ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक ढंग से जन-जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताया कि मानसिक रोग भी अन्य शारीरिक बीमारियों की तरह पूरी तरह उपचार योग्य हैं। वक्ताओं ने तनाव प्रबंधन, मानसिक बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की पहचान और बिना किसी झिझक या संकोच के विशेषज्ञ से सलाह लेने की आवश्यकता पर बल दिया।




**युवाओं की रंगोली में दिखा मानसिक स्वास्थ्य का महत्व, रचनात्मक पहल से किया जागरूक।**

### वरिष्ठ चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति

कार्यक्रम में मानसिक रोग विभाग से डॉ. कुंवर अखिलेश एवं डॉ. आस्था सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग से डॉ. मधुलिका शुक्ला, डेंटल विभाग से डॉ. शिवम यादव तथा बाल रोग विभाग से डॉ. शोभित उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी डॉक्टरों ने बच्चों, किशोरों और वयस्कों में मानसिक बदलावों को समय रहते पहचानने पर विशेष जोर दिया।

## सड़क पार करते समय अनियंत्रित लोडर ने मासूम को रौंदा

### मौके पर ही तोड़ा दम, कबाड़ बीनकर चलाता था परिवार का खर्च

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। हरदोई-उन्नाव मुख्य मार्ग पर मेथीटीकुर के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार लोडर वाहन की चपेट में आने से 12 वर्षीय किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 12 वर्षीय नीरज पुत्र मजनू के रूप में हुई है। नीरज का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। वह इतनी कम उम्र में कबाड़ बीनने का काम करता था और उससे मिलने वाले पैसों से अपने परिवार के गुजारे में मदद करता था। रोज की तरह वह शनिवार को भी काम के सिलसिले में निकला था।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नीरज कबाड़ बीनते हुए हरदोई-उन्नाव मुख्य मार्ग को पार करने की कोशिश कर रहा था। उसी दौरान एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार लोडर वाहन वहां से गुजरा। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और लोडर ने सीधे मासूम नीरज को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीरज काफी दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिक खून बह जाने और गंभीर चोटें आने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर जैसे ही गांव में फैली, मृतक के परिजन बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। बच्चे का शव सड़क पर पड़ा देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाकारित लोडर को अपने कब्जे में ले लिया, जबकि चालक की तलाश जारी है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक बालक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर संबंधित वाहन और चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सम्पादकीय

## अमेरिकी अहंकार



अमेरिकी प्रशासन ने प्रशिक्षित विदेशी कर्मियों को अपने यहां स्थायी निवास हासिल करने की अनुमति देने वाले एक कार्यक्रम से भारत की प्रमुख आईटी कंपनियों को जिस तरह बाहर किया, उससे उसके भारत विरोधी रवैए के साथ अहंकार का भी परिचय मिलता है। उसने कुछ अमेरिकी कंपनियों को भी इस कार्यक्रम से बाहर किया है, लेकिन यह स्पष्ट है कि वह भारत को खास तौर पर निशाना बनाना चाहता है। अमेरिकी सरकार ने इस फैसले के साथ ही आईटी कंपनियों का यह निर्देश दिया कि वे विदेशी कर्मियों के स्थान पर अमेरिकी नागरिकों को काम पर रखें। एक तो यह इतना आसान नहीं, क्योंकि भारत जैसे सक्षम आईटी पेशेवर वहां हैं नहीं और दूसरे इससे कंपनियों का खर्च भी बढ़ेगा। ऐसे में वे विकल्प तलाशेंगी। वे अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर भारत लाने का काम और तेज कर सकती हैं। इससे कुलमिलाकर अमेरिका को ही नुकसान होगा।

अमेरिका भारत को अपने दबाव में लेने की कोशिश में यह भूल रहा है कि वह जिन आइटी पेशेवरों की राह रोकना चाहता है, उन्होंने उसके विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इनमें सबसे अधिक योगदान भारतीयों का है। लगता है उसे यह पच नहीं रहा है और इसीलिए वह भारतीय पेशेवरों के लिए वीजा नियम भी सख्त करता चला जा रहा है।

यदि अमेरिका यह समझ रहा है कि उसके मनमाने फैसलों से भारत उसके दबाव में आ जाएगा तो यह होने वाला नहीं। यह एक तथ्य है कि भारत व्यापार समझौते के मामले में उसकी मनचाही शर्तों को मानने को तैयार नहीं। इसी तरह वह रूस से तेल आयात बंद करने को भी तैयार नहीं।

समस्या केवल यह नहीं है कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन एक बाद एक ऐसे फैसले ले रहा है, जो भारत के लिए परेशानी खड़ी करने और दोनों देशों के संबंधों में खटास बढ़ाने वाले हैं, बल्कि यह भी है कि एलन मस्क जैसे उसके कारोबारी ट्रंप प्रशासन की तरह ऐसे व्यवहार कर रहे हैं, जैसे भारत को वही करना चाहिए, जो वे कह रहे हैं।

वे यह चाह रहे हैं कि भारत सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली उनकी स्टारलिंक सेवा को बिना रोक-टोक आने दे। इस मामले में वे भारत की चिंताओं पर गौर करने को तैयार नहीं। निःसंदेह वे विश्व के सबसे बड़े और धनी कारोबारी हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि भारत में अपनी शर्तों पर कारोबार करने को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझ लें। उन्होंने ऐसा ही अड़ियल रवैया अपनी टेस्ला कार को भारत में उपलब्ध कराने के मामले में भी अपनाया था। वास्तव में वे भी ट्रंप प्रशासन की तरह अहंकार का ही प्रदर्शन कर रहे हैं। अब जब अमेरिका मित्र देश जैसा व्यवहार नहीं कर रहा है, तब भारत को भी उसका प्रतिकार करने की तैयारी करनी चाहिए।

# जेपी की संपूर्ण क्रांतिः राजनीति को नई दिशा देने का मंत्र





> संपूर्ण क्रांति का दर्शन उनकी दूरदर्शिता का सबसे महत्त्वपूर्ण उदाहरण है। वे राजनीतिक परिवर्तन को व्यापक सामाजिक पुनर्निर्माण से जोड़ते थे। उनकी संपूर्ण क्रांति के सात आयाम थे- राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक।

इनका उद्देश्य केवल शासन की संरचना बदलना नहीं, बल्कि मनुष्य की सोच, व्यवहार और जीवनमूल्यों में परिवर्तन लाना था। वे जानते थे कि भ्रष्टाचार केवल सरकारी कार्यालयों में नहीं पनपता, उसकी जड़ें व्यक्ति की लालचपूर्ण मानसिकता में भी होती हैं। सामाजिक असमानता केवल कानून बनाने से समाप्त नहीं होती, उसके लिए समाज की चेतना में समानता और संवेदनशीलता का विकास भी जरूरी है। इसी तरह शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि विवेकशील, जिम्मेदार और चरित्रवान नागरिक तैयार करना भी है। इस दृष्टि से संपूर्ण क्रांति आज भी एक प्रासंगिक विचार है। इसका पहला संदेश है कि व्यवस्था परिवर्तन की शुरुआत व्यक्ति के आत्मपरिवर्तन से होनी चाहिए। जब तक राजनीतिक नेतृत्व अपने आचरण में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही नहीं अपनाएगा, तब तक भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकते। दूसरा संदेश है कि लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका रचनात्मक होनी चाहिए। सत्ता का दायित्व विकास, सुशासन और जनकल्याण सुनिश्चित करना है, जबकि विपक्ष का कर्तव्य सरकार की गलतियों को उजागर करने के साथ-साथ बेहतर नीतियों और विश्वसनीय विकल्प प्रस्तुत करना भी है। केवल विरोध करना विपक्ष की सक्रियता का प्रमाण नहीं हो सकता। उसे यह बताना होगा कि वह देश की अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और सामाजिक समरसता के लिए कौन-सी वैकल्पिक रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह अपनी भूमिका को केवल सत्ता प्राप्त करने की आकांक्षा तक सीमित न रखे। यदि विपक्ष का समूचा विमर्श आरोपों, व्यक्तिगत आक्षेपों और राजनीतिक विरोध तक सिमट जाता है, तो वह जनता के विश्वास को मजबूत करने के बजाय कमजोर करता है। लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन की संभावना जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है कि जनता के सामने विश्वसनीय विकल्प भी मौजूद हो। जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन सत्ता को चुनौती इसलिए दी थी कि उन्हें व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता महसूस हुई थी। उनके आंदोलन के केंद्र में भ्रष्टाचार, नागरिक अधिकार, लोकतांत्रिक मर्यादा और जनहित के प्रश्न थे। आज उनके नाम और नारों का उपयोग करने वाले राजनीतिक दलों को भी अपने आचरण की कसौटी इन्हीं मूल्यों को बनाना चाहिए। यह अपेक्षा केवल विपक्ष से नहीं, सत्तारूढ़ दलों और समूचे राजनीतिक वर्ग से है। लोकनायक का एक और महत्त्वपूर्ण संदेश सत्ता के विकेंद्रीकरण और जनभागीदारी से संबंधित है। वे चाहते थे कि लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित न रहे, बल्कि ग्रामसभाओं, स्थानीय संस्थाओं और सामान्य नागरिकों के जीवन में भी उसकी सक्रिय उपस्थिति हो। आज जब तकनीक, संचार और प्रशासनिक संसाधनों का विस्तार हुआ है, तब जनता की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाएं पहले से अधिक हैं। युवाओं को केवल चुनावी भीड़ या राजनीतिक नारों का हिस्सा बनाने के बजाय नीति निर्माण, सामाजिक सुधार और राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रियाओं से जोड़ना चाहिए। यही संपूर्ण क्रांति की भावना को व्यवहार में उतारना होगा।

जयप्रकाश नारायण के आदर्शों से मेरा पारिवारिक संबंध भी रहा है। मैंने उन्हें प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा, लेकिन मेरे पिता स्व. श्री रामस्वरूपजी गर्ग उनके अनन्य भक्त थे और राजस्थान में जेपी आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ताओं में अग्रणी स्थान रखते थे। माताजी सत्यभामाजी गर्ग राजस्थान की यात्रा के दौरान उनकी खाने-पीने आदि की व्यवस्थाओं को देखती थी। उनके जीवन और विचारों में जयप्रकाश नारायण के प्रति समर्पण तथा उनके आदर्शों की गहरी छाप थी। इस पारिवारिक परिवेश ने मुझे यह समझने की प्रेरणा दी कि किसी महान व्यक्तित्व के प्रति सच्ची श्रद्धा उसके विचारों को जीवन में अपनाने से ही प्रकट होती है। मेरे आध्यात्मिक गुरु आचार्य श्री तुलसी की चर्चित पुस्तक 'अग्निपरीक्षा' को लेकर जब देश में विरोध का वातावरण बना, तब जयप्रकाश नारायण ने संवाद और सद्भाव की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके हस्तक्षेप और आह्वान से तनाव कम करने तथा शांति स्थापित करने में सहायता मिली। यह प्रसंग उनके व्यक्तित्व के उस पक्ष को सामने लाता है, जिसमें वैचारिक मतभेदों के बीच भी संवाद, सहिष्णुता और सामाजिक सौहार्द को सर्वोच्च महत्त्व दिया जाता था। जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम संपूर्ण क्रांति को इतिहास के एक आंदोलन के बजाय वर्तमान भारत के पुनर्निर्माण का संकल्प बनाएं। आज देश को ऐसी राजनीतिक संस्कृति की आवश्यकता है, जिसमें सत्ता के प्रति जवाबदेही हो, विपक्ष के पास स्पष्ट वैकल्पिक दृष्टि हो, युवाओं में रचनात्मक ऊर्जा हो और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता का सम्मान हो।

**(ललित गर्ग)**

## कांग्रेस और उसके...

अशोक भाटिया

# उपचुनावों में करारी शिकस्त के बाद अब किस पर ठीकरा फोड़ेगी कांग्रेस?

भारतीय लोकतंत्र का मिजाज अब पूरी तरह बदल चुका है, लेकिन देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का चुनावी शिकस्त के बाद का बर्ताव आज भी पुराना और पूरी तरह अनुमानित नजर आता है। हाल ही में अक्टूबर 2026 में संपन्न हुए लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों के नतीजों ने एक बार फिर कांग्रेस की सांगठनिक कमजोरियों और वैचारिक खोखलेपन को पूरी तरह उजागर कर दिया है। असम की प्रतिष्ठित नगांव लोकसभा सीट से लेकर पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम और मुस्लिम-बहुल रेजीनगर विधानसभा क्षेत्र, तथा पुदुचेरी की थट्टांचवडी सीट तक—हर तरफ कांग्रेस को करारी और अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। इस ताजा चुनावी झटके ने राजनीतिक गलियारों में एक गंभीर और बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि लगातार मिल रही इन पराजयों के बाद अब कांग्रेस अपनी नाकामी का ठीकरा किस संवैधानिक संस्था, व्यक्ति या व्यवस्था के सिर पर फोड़ेगी?

कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व का यह इतिहास रहा है कि जब भी चुनावी नतीजे उनके विपरीत आते हैं, वे बिना किसी पुख्ता सबूत के देश की सबसे विश्वसनीय संवैधानिक संस्थाओं पर कीचड़ उछालना शुरू कर देते हैं। इन उपचुनावों के मतदान से ऐन पहले, दिल्ली की सड़कों पर राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर किया गया उग्र प्रदर्शन इसी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था। कांग्रेस ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की आड़ में 'करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जाने' और 'वोट चोरी' का एक भ्रामक नैरेटिव गढ़ने की पुरजोर कोशिश की, जिसे सुप्रीम कोर्ट के वैधानिक स्पष्टीकरणों और स्वतंत्र जांचों ने पूरी तरह खारिज कर दिया। भारतीय जनता पार्टी का इस पर बेहद कड़ा और तार्किक पक्ष है कि जब कांग्रेस हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक या तेलंगाना में चुनाव जीतती है, तब लोकतांत्रिक प्रक्रिया और निर्वाचन प्रणाली बिल्कुल पवित्र हो जाती है, लेकिन असम के नगांव या बंगाल के रेजीनगर में जनता जब उन्हें नकार देती है, तो वही व्यवस्था 'कठपुतली' नजर आने लगती है। यह दोहरा रवैया न केवल देश के करोड़ों मतदाताओं के विवेक का अपमान है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र की छवि को धूमिल करने का एक गैर-जिम्मेदाराना प्रयास भी है। पश्चिम बंगाल की रेजीनगर विधानसभा सीट के चुनावी नतीजे कांग्रेस के पारंपरिक तुष्टिकरण के नैरेटिव पर सबसे बड़ा और सीधा प्रहार हैं। लगभग 70 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार शंखराव सरकार ने करीब 75,000 से अधिक वोटों के विशाल अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस सीट पर कांग्रेस दूर-दूर तक मुकाबले में भी नजर नहीं आई। कांग्रेस हमेशा से यह मानकर चलती रही है कि देश का अल्पसंख्यक मतदाता उसका बंधुआ वोट बैंक है, जिसे केवल बहुसंख्यक राष्ट्रवाद का डर दिखाकर हर बार हासिल किया जा सकता है। लेकिन रेजीनगर की समझदार जनता ने यह साबित कर दिया है कि अब देश का हर नागरिक, चाहे वह किसी भी मजहब से ताल्लुक रखता हो, केवल 'मुफ्त के खोखले वादों' या 'डराने की राजनीति' के बहकावे में आने वाला नहीं है। जनता अब सड़कों के निर्माण, आधुनिक अस्पतालों, बेहतर शिक्षा और औद्योगिक पार्कों जैसे बुनियादी विकास को प्राथमिकता दे रही है। कांग्रेस अपनी इस वैचारिक और रणनीतिक हार को स्वीकार करने के बजाय, इस जनादेश को भी ध्रुवीकरण का दुष्परिणाम बताकर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है, जो यह दर्शाता है कि पार्टी अभी भी जमीनी हकीकत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। जब चुनाव आयोग और ईवीएम पर उठाए गए सवाल जनता के बीच बेअसर साबित होने लगते हैं, तो कांग्रेस अपने तरकश से 'केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग' का पुराना तीर निकाल लेती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं का यह लगातार आरोप रहता है कि भाजपा सरकार केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय का भय दिखाकर विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करती है और स्वतंत्र रूप से प्रचार नहीं करने देती। लेकिन सच यह है कि ये तमाम जांच एजेंसियां माननीय अदालतों और न्यायपालिका के कड़े निर्देशों तथा प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर ही कानूनी कार्रवाई करती हैं। चुनाव में पराजय मिलने पर इसे जनता का साफ फैसला मानने के बजाय 'सत्तारूढ़ दल द्वारा लोकतंत्र के दमन' का परिणाम घोषित कर देना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। भाजपा और राजनीतिक विश्लेषकों का स्पष्ट मानना है कि कांग्रेस लगातार विक्टिम कार्ड खेलकर अपनी आंतरिक कमजोरियों, नेतृत्वहीनता और दिशाहीन नीति को छिपाने का प्रयास करती है, लेकिन देश की जागरूक जनता अब इस राजनीतिक ड्रामे के पीछे की असलियत को बहुत अच्छी तरह समझ चुकी है।

## प्रदेश के ...

बी0एल0 यादव

# उत्तर प्रदेश राज्य की खनिज क्षेत्र में बदल रही है तस्वीर

उत्तर प्रदेश भारत के उत्तरी भाग में देश का एक प्रमुख भाग है जो मुख्यतः इंडो-गैंजेटिक प्लेन में अवस्थित है। इसके दक्षिण भाग में बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र में पठारी एवं चट्टानी संरचनायें पायी जाती है, जिस कारण यहां मुख्यतः स्थानीय किस्म की चट्टानों से खण्डा, गिट्टी, बोल्डर आदि का खनन व उत्पादन होता रहा है। वर्ष 2022 से विभिन्न अन्वेषण एजेंसियों यथा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र लखनऊ, एमईसी-एल, नागपुर आदि के प्रयासों से फॉस्फोराईट, लौह अयस्क, चूना पत्थर खनिजों की खोज की गयी जिसके फलस्वरूप वर्ष 2022 से 2026 तक लगभग 4 वर्षों में ही फॉस्फोराईट, लौह अयस्क व लाइमस्टोन के खनन पट्टों को ई-निविदा सह ई-नीलामी की प्रक्रिया अपनाते हुए निजी निवेशको से बिड प्राप्त करते हुए खनन पट्टों के लिए आशय पत्र निर्गत किए गए हैं। इनमें से 02 फॉस्फोराईट खनिज के ब्लॉक ऐसे है जिन्हें कम्पोजिट लाइसेंस हेतु ई-निविदा सह ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया गया था और आवंटी कम्पनियों द्वारा अन्वेषण कार्य पूर्ण करते हुए नियमानुसार खनन पट्टे हेतु आवेदन प्रस्तुत किया और अब उन्हें खनन पट्टे हेतु आशय पत्र भी नियमानुसार निर्गत कर दिया गया है।

पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र व वन अनापत्तियां राज्य सरकार व भारत सरकार के स्तर से प्राप्त हो जाने के उपरान्त इन खनिजों का उत्पादन उत्तर प्रदेश राज्य में प्रारम्भ होगा। इससे राजस्व स्रोतों की बढ़ोत्तरी होगी, निवेश के साथ उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इन खनिजों का उपयोग उर्वरक उद्योग, स्टील उद्योग, सीमेन्ट उद्योग आदि में किया जाता है।

उत्तर प्रदेश राज्य में मुख्य खनिज यथा लौह अयस्क, ग्लूकोनाईट, दुर्लभ मृदा तत्व, स्वर्ण धातु के ब्लॉकों के सम्बन्ध में ई-निविदा सह ई-नीलामी के माध्यम से कम्पोजिट लाइसेंस हेतु आशय पत्र निर्गत है। इन आशय पत्र धारको द्वारा किये जा रहे अन्वेषण कार्यों पर सतत निगरानी रखी जा रही है ताकि भविष्य में भी इन क्षेत्रों में भी खनिज उत्पादन प्रारम्भ हो सके। प्रदेश के विकास की दिशा में राज्य को और गति प्रदान करने के लिए राजकीय अन्वेषण एजेंसियों भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र लखनऊ के अतिरिक्त निजी क्षेत्र की कम्पनियां यथा जियो एक्सपोर, जियोवेल आदि भी तेजी से उत्तर प्रदेश में खनिज अन्वेषण हेतु आगे आ रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्य खनिजों के अन्वेषण की परियोजनाओं को गति प्रदान की जा रही है। खनिजों के नये भण्डार खोजे जाने की सम्भावनाओं व तकनीकी विचार विमर्श राज्य भूवैज्ञानिक कार्यकारिणी परिषद की बैठकों में किया जाता है, जिसमें भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, भारत सरकार, मिनरल एक्सप्लोरेशन एण्ड कंसल्टेंसी लिमिटेड (डम्ब्स्), नागपुर, भारत सरकार का उपक्रम, भारतीय खनिज उद्योग महासंघ (थ्डप्), नई दिल्ली, एसोसिएट प्रोफेसर लखनऊ विश्वविद्यालय, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के अधिकारीगण रहते हैं।

## ज़्यादा ख़ुशी

हमारे जीवन मे जब भी विचार, स्पंदन जो मन के स्तर पर पैदा करते हैं, तब वो सही से शरीर की केमेस्ट्री बदल देता है । हमारे को हमेशा गुस्सा अकेला आता है मगर वह हमारी सारी अच्छाई ले जाता है। वही सब्र भी अकेला आता है मगर हमें सारी अच्छाई दे जाता है । हम जानते है की रात भर गहरी नींद आना इतना आसान नहीं,उसके लिए दिन भर हमको ईमानदारी से जीना पड़ता है । वह ईमानदारी सबके लिए उत्तम भावना हैं, उनकी पीड़ा नही मरहम की भावना हैं । वह हमारा मन अपने किसी व्यवहार से, मन-वचन-काया से हृदय दुखी ना हो।हम अपने जीवन में किसी को खुशी दे या ना दे पर अपने द्वारा किसी को गम ना मिले यह स्पंदन सदैव हमें खुशी देगा । वह खुद के जमीर को जिंदा रखेगा । हमारे मन में यह चिंतन आ सकता हैं कि ज्यादा विकल्प हमको ज्यादा खुशी देता हैं । लेकिन सच इसके विपरीत हैं । हमारे जब पांच नहीं पचास विकल्प हों तो हम किसी एक को चुनते समय हमेशा डरते हैं कि क्या मैंने सही चुना ? क्या कोई बेहतर विकल्प था ? क्या मैंने गलती कर दी ? यह सही तो हैं ना आदि - आदि । यह शंका हमारे चयन को कमजोर करती हैं और संतोष कम कर देती हैं और हमारी ख़ुशी को जड़ से काट देती हैं। घटना प्रसंग एक दिन बड़ी ही दिलचस्प मुलाक़ात ख़ुशी से हो गई वह ख़ुशी के साथ लम्बी बात हुई । उसी का यह सारांश कुछ खास-खास बिन्दु है । मैंने खुशी से पूछा कि मुझे बहुत दिनों बाद मिली हो कहां छुपी रहती हो चुप क्यों हो कुछ तो तुम कहो। वह कुछ तो अपनी बड़ी बहिन परेशानी से सीखो । वह चलते-चलते ही कभी भी कहीं भी बड़ी आसानी से आ धमकती है । उसने जवाब दिया कि भाईसाहब ! मैं भी आती तो रहती हूं । मुझ पर आप ध्यान ही नहीं देते हैं । बस ! मेरी बहिन परेशानी से ही सब समय आप घिरे रहते हैं। वह अब सुनिए ! मैं कभी आपके नन्हे मुन्ने की किलकारियों में आती हूं । कभी आप देशाटन को जाते हैं तो मैं पर्वतों की मनहर वादियों में मिल जाती हूं । वह जब कोई खोई चीज मिल जाती है तो आपको कितनी ख़ुशी होती है । जैसे जनाब को ख़ज़ाना मिल गया हो । आप मुझे किसी परेशान दिल को सहलाने में कभी पाते हैं। मनपसन्द तान सुनने में कभी मस्त हो जाते हैं।दरअसल बाबूजी !

**› प्रदीप छाजेड़**

## जरा हटके

## युवाओं को स्वावलंबी ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# बलरामपुर में औद्योगिक विकास और स्वरोजगार को मिल रही नई गति



प्रदेश सरकार की उद्यमपरक नीतियों और जिला प्रशासन के सतत समन्वय से जनपद बलरामपुर में औद्योगिक विकास, स्वरोजगार तथा स्थानीय उद्यमिता को उल्लेखनीय गति प्राप्त हुई है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी व स्वरोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में आर्थिक गतिविधियों का व्यापक विस्तार हो रहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलने से स्थानीय स्तर पर आजीविका और रोजगार के नए अवसरों का सृजन हुआ है।

प्रशासनिक स्तर पर औद्योगिक विकास को प्राथमिकता देते हुए बैंकों, उद्योग विभाग और संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के मध्य बेहतर तालमेल स्थापित किया गया है। नियमित समीक्षा और निगरानी की व्यवस्था से शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र उद्यमियों तक समयबद्ध रूप से पहुंच रहा है। इसके परिणामस्वरूप जनपद के युवाओं में स्वयं का उद्यम स्थापित करने के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही है। उद्यमिता के प्रति इस बढ़ते रुझान का प्रत्यक्ष प्रमाण उद्यम पंजीकरण के आधिकारिक आंकड़ों में परिलक्षित होता है। चालू वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से 30 जुलाई 2026 के मध्य जनपद में कुल 2,342 नवीन व्यावसायिक एवं औद्योगिक इकाइयों का सफल पंजीकरण किया गया है। अल्पकालिक अवधि में इतनी बड़ी संख्या में इकाइयों का पंजीकरण जनपद के बदलते आर्थिक परिदृश्य और अनुकूल व्यावसायिक वातावरण का परिणाम है।

पंजीकृत इकाइयों के संरचनात्मक विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि जनपद में आर्थिक विविधीकरण तेजी से हो रहा है। कुल पंजीकृत इकाइयों में व्यवसाय क्षेत्र की 985, सेवा क्षेत्र की 931 तथा विनिर्माण एवं उद्योग क्षेत्र की 426 नवीन इकाइयां सम्मिलित हैं। विनिर्माण क्षेत्र में 400 से अधिक इकाइयों का जुड़ना जिले में मूल्य संवर्धन, स्थानीय संसाधनों की उपयोगिता और दीर्घकालिक उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस उपलब्धि है। जनपद में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' यानी व्यापार सुगमता को प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार के एकल खिड़की पोर्टल 'निवेश मित्र' का क्रियान्वयन अत्यंत पारदर्शी एवं तीव्र गति से किया जा रहा है। पोर्टल के माध्यम से उद्यमियों को विभिन्न विभागों की स्वीकृतियां और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पोर्टल पर प्राप्त कुल 435 आवेदनों के सापेक्ष 394 प्रकरणों में स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं, जो 90 प्रतिशत से अधिक की उत्कृष्ट निस्तारण दर को प्रदर्शित करता है। विभागीय कार्यक्षमता के स्तर पर श्रम विभाग ने प्राप्त 121 प्रकरणों में से 119 का सफलतापूर्वक निस्तारण किया है, जबकि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा 110 में से 104 मामलों में अनापत्ति प्रदान की गई है। अग्निशमन विभाग ने प्राप्त सभी 4 आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण करते हुए शून्य लंबितता (पेंडेंसी) सुनिश्चित की है। इसी प्रकार औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 18 में से 17 प्रकरणों को समय से स्वीकृति दी गई है। अनावश्यक औपचारिकताओं में कमी आने से नए निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

युवाओं को स्वावलंबी बनाने और औद्योगिक पहलों को गति देने के उद्देश्य से संचालित 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (सीएम-युवा) के अंतर्गत जनपद में विशेष प्रगति दर्ज की गई है। योजना के तहत आवेदनों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप बैंकों को प्रेषित आवेदनों की संख्या एक माह के भीतर 726 से बढ़कर 927 तक पहुंच गई। संस्थागत ऋण प्रक्रिया में तेजी लाकर एक ही माह में 201 अतिरिक्त प्रस्ताव वित्तीय संस्थानों तक पहुंचाए गए।

आवेदनों के अग्रेषण के साथ-साथ ऋण स्वीकृति और वास्तविक धनराशि के वितरण में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। अभियान के तहत स्वीकृत प्रकरणों की संख्या 193 से बढ़कर 267 हो गई, जबकि ऋण वितरण के मामलों में 177 से बढ़कर 272 तक की वृद्धि दर्ज की गई है। योजना के माध्यम से जनपद के युवा उद्यमियों को लगभग रू0 116 लाख की वित्तीय सहायता वितरित की गई है, जिससे नए सूक्ष्म उद्यमों को कार्यशील पूंजी और संयंत्र स्थापना हेतु प्रत्यक्ष संबल प्राप्त हुआ है।

योजना के सफल क्रियान्वयन में अग्रणी बैंकिंग संस्थानों की सहभागिता अत्यंत प्रभावी रही है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने प्राथमिक स्तर पर सक्रियता दिखाते हुए 114 आवेदन स्वीकृत किए हैं तथा 106 प्रकरणों में ऋण वितरण सुनिश्चित किया है। इसी क्रम में इंडियन बैंक द्वारा भी 60 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए 61 लाभार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है। बैंकिंग तंत्र के इस सकारात्मक दृष्टिकोण से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बल मिला है। शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने वाली 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के अंतर्गत भी वित्तीय संबल का प्रवाह निरंतर बना हुआ है। जुलाई-2026 तक योजना के तहत कुल 34 प्रकरणों में रू 85.18 लाख की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके सापेक्ष 21 लाभार्थियों को रू0 45.93 लाख का ऋण वितरित किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा 12-12 प्रकरण स्वीकृत कर महत्वाकांक्षी उद्यमियों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय घेरा

## प्रदर्शन में आईं महिलाओं को मुद्दे की जानकारी नहीं, बोलीं- महंगाई बढ़ रही, रोजगार नहीं मिल रहा

**घेराव**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस मुख्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के लिए महिला कार्यकर्ता हजरतगंज स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस पर एकत्र हुईं। यहां से नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं। महिला कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाए और महिलाओं के सम्मान का मुद्दा उठाया। भाजपा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर गलत दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया। कांग्रेस कार्यालय के बाहर महिलाओं ने जमीन पर बैठकर तालियां बजाईं और नारेबाजी की। कुछ महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शन-





कारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर भी फाड़े। प्रदर्शन में शामिल होने आईं महिलाओं ने कहा कि उन्हें यह नहीं था कि प्रदर्शन किस मुद्दे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को रोजगार नहीं मिल रहा है, वैकेंसी नहीं निकल रही हैं और महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने इन मुद्दों पर भी नाराजगी जताई।

* प्रदर्शन के दौरान कुछ महिलाएं बैरिकेड पर चढ़ने गईं, इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

### सरोज कुशवाहा बोलीं- कांग्रेस ने नारी शक्ति का अपमान किया

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस का रवैया दोहरा है। महिला मोर्चा महिलाओं के स्वाभिमान और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगा। सरोज कुशवाहा ने कांग्रेस के एक सांसद पर महिलाओं और लड़कियों से जुड़े मामलों में बचाव करने का आरोप भी लगाया।

### महिला पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

भाजपा लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में महिला पार्षदों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। भाजपा का आरोप है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी SIR के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे हैं। इसी के विरोध में पार्टी ने प्रदर्शन किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए विरोध जारी रखेगा।



**सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सड़रौना से आईं एक महिला ने बताया कि उन्हें प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कहा गया था। हालांकि, उन्हें यह नहीं पता था कि प्रदर्शन किसके खिलाफ और किस मुद्दे पर हो रहा है। सड़रौना की सुषमा देवी ने बताया कि बच्चों को रोजगार नहीं मिल रहा है, वैकेंसी नहीं निकल रही हैं और महंगाई बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इन्हीं मुद्दों को लेकर वे प्रदर्शन कर रही हैं।**

# यमुना नदी में डूबे चाचा और भतीजा

## आगरा में भतीजे को लोगों ने बचाया

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में शनिवार सुबह यमुना किनारे श्राद्ध पर पितृों को तर्पण करने गए चाचा-भतीजे यमुना में डूब गए। एक किशोर को वहां मौजूद युवक ने बचा लिया। मगर, दूसरा युवक डूब गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। शनिवार सुबह 9 बजे पंचेश्वर महादेव रकाबगंज निवासी विराट उम्र करीब 20 साल अपने भतीजे राजवीर हाथी घाट पर पितृों को जल देने गए थे। इस दौरान दोनों यमुना में नहाने के लिए उतर गए। बताया गया है कि पहले विराट यमुना में उतरा। नहाते हुए उसने भतीजे को बुलाया। दोनों गहरे पानी में उतर गए। इसी दौरान वो गहरे



पानी में डूबने लगे। शोर सुनकर वहां मौजूद लोगों ने राजवीर को बचा लिया। मगर, विराट पानी में बह गया। लोगों ने बताया कि एक-दो बार वो ऊपर दिखाई दिया, लेकिन फिर डूब गया। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें गहरे पानी में जाने से रोका था। इसके बाद भी अंदर चले गए। जिस कारण हादसा हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस भी आ गई। यमुना में युवक की तलाश में गोताखोर लगाए गए हैं। घरवालों को रो-रो कर बुरा हाल है।

**फास्ट न्यूज**

### कन्नौज में टावर पर प्रेमी ने प्रेमिका की मांग भरी

कन्नौज। कन्नौज में शनिवार सुबह 10 बजे प्रेमी से शादी करने की जिद पर युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। उसने धमकी दी कि अगर लड़के से मेरी शादी न कराई गई तो इसकी जिम्मेदारी मेरे घर वालों और पुलिस की होगी। पुलिसकर्मी लड़के को काफी देर तक मनाते रहे। करीब दो घंटे के ड्रामे के बाद लड़का सिंदूर की डिब्बी लेकर टावर पर चढ़ा। वहां उसने लड़की की मांग भरी। इसके बाद दोनों नीचे उतरे।

### देवरिया में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रशासन अलर्ट

देवरिया। दुर्गा पूजा और प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को दिन में तीन से पांच बजे तक डीएम मधुसूदन हुल्गी और एसपी अभिजीत आर. शंकर ने सलेमपुर तहसील के नदावर घाट समेत विभिन्न विसर्जन घाटों और मार्गों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि विसर्जन मार्गों पर किसी तरह का अवरोध नहीं होना चाहिए।

### बुलंदशहर में सेवा संकल्प अभियान आयोजित

बुलंदशहर। बुलंदशहर में भाजपा की ओर से संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत नुमाइश रोड स्थित खालसा मांटेसरी स्कूल में शनिवार को 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंगोली बनाई गई और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## शिकायतों के निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने अकबरपुर कोतवाली में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई कर निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण उसकी प्रकृति और तथ्यों के आधार पर निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। संबंधित अधिकारी शिकायतों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखें, बल्कि प्रभावी कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ताओं को उचित राहत दिलाने का प्रयास करें। डीएम ने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त



जांच से जुड़े मामलों में आपसी समन्वय बनाए रखने और आवश्यकतानुसार मौके पर जाकर प्रकरणों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही निस्तारित प्रकरणों में की गई कार्रवाई की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने भी संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतने तथा नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाने पर जोर दिया।

# चलती कार में आग, ड्राइवर जिंदा जला

## 4 घंटे जलता रहा, सिर्फ हड्डियां मिलीं, 4 महीने पहले खरीदी थी नई सीएनजी कार

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में चलती कार में भीषण आग लग गई। हादसे में ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा रात 1:30 बजे हुआ। शनिवार सुबह 6 बजे लोगों ने जलती कार देखी तो भागकर मौके पर पहुंचे। कार की ड्राइविंग सीट के बगल में शरीर की हड्डियां जल रही थीं। पुलिस ने कार नंबर से ड्राइवर की पहचान की। मृतक का नाम प्रदीप कुमार (45) है। वह बाराबंकी के प्यारेपुर का रहने वाले थे। 4 महीने पहले ही टाटा टियागो की सीएनजी मॉडल कार खरीदी थी। फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। आग से कार जलकर राख हो गई। आग बुझाने के बाद कार में बची हड्डियों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। फॉरेंसिक टीम भी राख-हड्डियों को पॉलिथिन में पैक कर ले गई। प्रदीप




कुमार लखनऊ एयरपोर्ट से सवारियों को बाराबंकी छोड़कर घर नोहरी का पुरवा मजरा डूडी लौट रहे थे। घर से 2 किमी पहले सफदरगंज थाना क्षेत्र में हादसा हुआ। घटनास्थल जिला मुख्यालय से 33 किमी दूर है। प्रदीप का शव ड्राइविंग सीट के बगल वाली सीट में मिला। पुलिस को आशंका है कि आग लगने के बाद गेट लॉक हो गए। प्रदीप बचने के लिए दूसरी तरफ आए होंगे, लेकिन वह दरवाजा खोलकर बाहर नहीं निकल पाए। प्रदीप के पिता का नाम श्रीराम था। प्रदीप तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। दो छोटे भाई कुलदीप और लवकुश हैं। लवकुश भाजपा में मंडल उपाध्यक्ष हैं। प्रदीप के माता-पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में पत्नी राधा के अलावा दो बेटियां नेहा और उमा, दो बेटे सुकेश और शिवा वर्मा हैं।

### 4 घंटे से ज्यादा जलती रही बॉडी, ड्राइविंग सीट के बगल में मिली

सैदनपुर के रहने वाले मदन कुमार वर्मा ने बताया- जहां हादसा हुआ। वहां से मेरा घर 400 मीटर दूर है। रात 1.30 बजे तेज धमाके की आवाज आई थी, लेकिन ज्यादा कुछ समझ में नहीं आया। सुबह 6 बजे हम लोग टहलने निकले तो देखा कि कार जल रही थी। गेट अंदर से बंद थे। अंदर फंसा चालक पूरी तरह जल चुका था। कुछ हड्डियां ही जलती हुई मिलीं। हमने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सुबह जब लोग पहुंचे तो कार पूरी जल चुकी थी। आग करीब-करीब बुझ चुकी थी, सिर्फ कार के अगले हिस्से में कुछ हड्डियां जल रही थीं। पुलिस का मानना है कि आग करीब 4 घंटे पहले लगी थी।



फॉरेंसिक टीम से कार से हड्डियों के सैंपल लिए हैं। जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया।



# प्रदेश की अर्थव्यवस्था की ताकत और समृद्धि का आधार है 'अन्नदाता': योगी

## योगी आदित्यनाथ ने 2017 के पश्चात कृषि क्षेत्र में आए अभूतपूर्व परिवर्तन से प्रदेशवासियों को कराया अवगत

**80 लाख से अधिक किसानों से खरीदा गया 519 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान,1,03,833 करोड ₹ से अधिक भुगतानः मुख्यमंत्री**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के बाद कृषि क्षेत्र में आए अभूतपूर्व परिवर्तन से प्रदेशवासियों को अवगत कराया।

उन्होंने अन्नदाता किसान को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की ताकत और समृद्धि का आधार भी बताया।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार आज अन्नदाता किसान को बीज से लेकर बाजार तक की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

वर्ष 2017 से पहले जो अन्नदाता किसान कर्ज, बदहाली व लाचारी में डूबा रहता था और बिचौलियों के चक्कर लगाने को मजबूर था, आज वही अन्नदाता किसान कर्ज से मुक्त होकर उन्नत बीज, सिंचाई, और डीबीटी के माध्यम से एमएसपी एवं पीएम सम्मान निधि का लाभ ले रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दशकों से लटकी सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं।

प्रदेश, देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। कृषि विकास दर 8 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई है। दुग्ध, गन्ना, गेहूं आदि के उत्पादन में यूपी देश में प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अन्नदाता किसान की मेहनत का सम्मान एवं उसकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2017 से मार्च 2026 के बीच प्रदेश में 80 लाख से अधिक किसानों से 519 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की गई और 1,03,833 करोड़ से अधिक का सीधा भुगतान किया गया। उसी प्रतिबद्धता के साथ इस बार भी धान के समर्थन मूल्य में 71 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के लिए अन्नदाता किसान को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की ताकत और समृद्धि का आधार बताया।

उन्होंने कहा कि इसीलिए अन्नदाता किसान के अधिकार की रक्षा और उसकी खुशहाली हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मंडियों में सफाई से लेकर जल निकासी तक होंगे पुख्ता इंतजाम

## प्रदेश की मंडियों में चलेगा 15 दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश की कृषि उत्पादन मंडियों में साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा किसानों को स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने 'स्वच्छ मंडी-शुभ मंडी अभियान-2026' संचालित करने का निर्देश दिया है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने अक्टूबर, 2026 में प्रदेश की सभी मंडी एवं उपमंडी स्थलों पर व्यापक स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत मंडी परिसरों में जमा कूड़े, बंद नालियों, जलभराव वाले स्थानों, शौचालयों, नीलामी



चबूतरों, दुकानों और किसान विश्राम गृहों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान मंडी समितियों के अनुबंधित सफाई ठेकेदारों को अपने सभी सफाई कर्मियों को लगाकर युद्धस्तर पर सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी परिसर के प्रत्येक हिस्से की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से नालियों में फंसे अपशिष्ट तथा पानी जमा होने वाले स्थानों को चिह्नित कर उनकी सफाई कराई जाएगी। अक्टूबर माह में धान और अन्य कृषि उत्पादों की अधिक आवक तथा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए मंडियों में यातायात और परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है। नीलामी चबूतरों, दुकानों और नालियों पर ज्यादा ध्यान

### शौचालयों और किसान विश्राम गृहों में सुविधाओं पर रहेगा ध्यान

मंडी परिसरों में बने शौचालयों, प्रसाधनों और यूरिनल की सफाई के साथ जलापूर्ति एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शौचालयों के आसपास जलभराव वाले स्थानों की विशेष सफाई कर वहां नियमित रूप से चूने का छिड़काव कराया जाएगा। कार्यालय भवनों और किसान विश्राम गृहों की साफ-सफाई तथा आवश्यक साज-सज्जा पर भी ध्यान दिया जाएगा। मंडी परिसरों में जहां नए सिविल, विद्युत अथवा मरम्मत संबंधी कार्य चल रहे हैं, उन स्थलों को अलग से चिह्नित किया जाएगा।

**घटना : यूपी में 10 साल से बैन, फिर भी बिक रहा, सरकार ने कहा था- मर्डर की एफआईआर करो**

# चाइनीज मांझे से गर्दन कटी, युवक की तड़पकर हुई मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में चाइनीज मांझे से 35 साल के युवक की गर्दन कट गई। उसकी सड़क पर तड़प-तड़पकर मौत हो गई। शनिवार दोपहर 1 बजे वह स्कूटी (मोपेड) से दुकान पर जा रहा था, तभी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया। उसने ब्रेक मारा, लेकिन तब तक गर्दन आधी कट चुकी थी। युवक स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़ा। गर्दन से तेजी से खून निकलने लगा। यह देखकर राहगीरों ने उसे उठाया। आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने रमेश कन्नौजिया को मृत घोषित कर




दिया। घटना शहर के तिवारीपुर थाना क्षेत्र में हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पत्नी रोते हुए जिला अस्पताल पहुंची। पति का चेहरा देखने की जिद करने लगी। पहले तो पुलिसवालों ने मना किया, लेकिन बाद में चेहरा दिखाया। मामले में SP ने चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया है। बता दें कि यूपी में पिछले 10 साल से चाइनीज मांझा बैन है, लेकिन फिर भी बिक रहा है। इसी साल फरवरी में सरकार ने कहा था- अगर किसी व्यक्ति की मौत चाइनीज मांझे से होती है।

### घर में इकलौता कमाने वाला था युवक

रमेश कन्नौजिया घर में इकलौते कमाने वाले थे। वह कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करता था। उसे 10 से 12 हजार रुपए महीने मिलते थे। परिवार में पत्नी पुन्ना, 9 साल की बेटी अपर्णा, 5 साल का बेटा आर्यन और बुजुर्ग पिता फकीरे हैं। पिता की देखभाल की जिम्मेदारी भी रमेश पर थी। पिता फकीरे ने बताया कि रमेश स्कूटी से दुकान पर निकला था। आधे घंटे बाद एक व्यक्ति आया और हादसे की जानकारी दी। इसके बाद हम लोग अस्पताल पहुंचे, तब तक बेटे की मौत हो चुकी थी।



### लोग बोले- बैन होने के बावजूद बिक रहा चाइनीज मांझा

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रतिबंध के बावजूद 10 दुकानों पर चोरी-छिपे चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि रमेश के परिवार का खर्च और बच्चों की जिम्मेदारी कौन उठाएगा? प्रशासन को मांझे की बिक्री पर सख्ती करनी चाहिए।

डोमिनगढ़ चौकी इंचार्ज आलोक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल रोकने के लिए अगले 48 घंटे तक अभियान चलाया जाएगा।

# पितरों को समर्पित सेवा, बाढ़ पीड़ितों तक नाव से पहुंचाई राहत सामग्री

## फैजुल्लागंज में अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की पहल

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। पितृ विसर्जन के अवसर पर सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए अखिल भारतीय ब्रह्म समाज ने फैजुल्लागंज क्षेत्र के दाऊद नगर स्थित साठ फीटा रोड पर बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाई। जलभराव के कारण प्रभावित इलाकों में नाव के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट, दूध, ब्रेड, बिस्कुट, कॉफी, कॉपी, पेन, पेंसिल, डायपर, महिलाओं के उपयोग की सामग्री, फल और पीने का पानी वितरित किया गया। अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के महामंत्री एडवोकेट देवेंद्र शुक्ल ने कहा कि संगठन का संकल्प संकट की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद करना है।



उन्होंने कहा कि आपदा के समय सभी लोगों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। पितृ विसर्जन के दिन बाढ़ पीड़ितों की सेवा को पूर्वजों के प्रति समर्पण बताते हुए उन्होंने कहा कि मानव सेवा के इस कार्य से पितरों के प्रति सच्ची श्रद्धा व्यक्त होती है। देवेंद्र शुक्ल ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र काफी विस्तृत है। ऐसे में प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए सरकार, प्रशासन, सभी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को मिलकर प्रयास करना चाहिए, ताकि कोई भी जरूरतमंद सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अखिल भारतीय ब्रह्म समाज प्रभावित लोगों की मदद के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटा रहेगा।

अभियान की जानकारी देते हुए वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि वह स्वयं भी राहत वितरण अभियान में शामिल रहे। इस दौरान संगठन के संस्थापक सुधांशु शुक्ल, संध्या वाजपेई, अभिषेक शुक्ल, बृजेश कुमार शुक्ल, राजेश शर्मा सहित कई पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। संगठन के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाकर मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहने का संदेश दिया।

### यमुना एक्सप्रेसवे और टप्पल इंटरचेंज पर पुलिस की सक्रियता बढ़ी, जिले की सीमाओं पर वाहनों की चेकिंग

# जंतर-मंतर प्रदर्शन को लेकर अलीगढ़ में अलर्ट

**प्रदर्शन**

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। दिल्ली के जंतर-मंतर पर 10 अक्टूबर 2026 को मुख्य चुनाव आयुक्त (CJP) के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए अलीगढ़ में पुलिस और प्रशासन अलर्ट पर है।

प्रदर्शन के मद्देनजर जिले से दिल्ली और नोएडा की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। यमुना एक्सप्रेसवे, टप्पल इंटरचेंज और जिले की सीमाओं पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाते हुए वाहनों की जांच की जा रही है।



#### टप्पल इंटरचेंज पर चेकिंग, दिल्ली जाने वाले वाहनों पर नजर

अलीगढ़ के टप्पल इंटरचेंज पर भी पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई है। यहां से दिल्ली-एनसीआर की ओर जाने वाले मार्गों पर आवाजाही की निगरानी की जा रही है। इंटरचेंज की अहमियत को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है और वाहनों की चेकिंग के जरिए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है।

#### जिले की सीमाओं पर भी पुलिस अलर्ट

प्रमुख मार्गों के अलावा अलीगढ़ जिले की सीमाओं पर भी पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है। प्रदर्शन को लेकर एहतियात बरतते हुए सीमावर्ती इलाकों में वाहनों की जांच की जा रही है। प्रशासन की कोशिश है कि जिले के भीतर शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। सीमाओं पर निगरानी बढ़ाने के पीछे उद्देश्य आवागमन पर नजर रखना और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। पुलिस संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही है।



यमुना एक्सप्रेसवे पर बढ़ाई गई पुलिस की सक्रियता

प्रदर्शन को देखते हुए यमुना एक्सप्रेसवे और उससे जुड़े प्रमुख मार्गों पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाई गई है। दिल्ली और नोएडा की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। पुलिसकर्मी प्रमुख स्थानों पर तैनात रहकर वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं।

#### दिल्ली और नोएडा जाने वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष सतर्कता

अलीगढ़ से दिल्ली और नोएडा जाने वाले मार्ग यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इन रास्तों से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवाजाही करते हैं। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने इन मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी है।

प्रमुख स्थानों पर वाहनों की जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

## अम्बेडकरनगर में राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप का आगाज

- जिलाधिकारी ईशा प्रिया और प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह, विभिन्न स्पर्धाओं में तैराकों ने जीते स्वर्ण पदक।
- प्रदेशभर के महिला एवं पुरुष तैराकों ने लिया हिस्सा, एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन।

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और प्रदेश स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम के तरणताल में सीनियर राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 10 एवं 11 अक्टूबर को आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे महिला एवं पुरुष तैराकों ने अपनी गति, तकनीक और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया और प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता की विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पुरुष वर्ग में मुरादाबाद के रितिक शर्मा ने 50 मीटर एवं 100 मीटर फ्रीस्टाइल तथा 50 मीटर एवं 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वाराणसी के अनुराग आर. सिंह ने 400 मीटर और 800 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीते। इसी जिले के सत्यम साहनी ने 100 मीटर एवं 200 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया, जबकि अयोध्या के अखिलेश यादव 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के विजेता बने।

**फास्ट न्यूज**

### प्रकृति सेवा समिति ने पितृ अमावस्या पर पौधे लगाए

मुरादाबाद। मुरादाबाद। पितृ विसर्जन अमावस्या पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट ने बुद्धि विहार फेस-2, सेक्टर-13, शाहपुर तिगरी में एक पेड़ पितरों के नाम पौधारोपण किया।
मुरादाबाद के बुद्धि विहार फेस-2, सेक्टर-13 स्थित बाजवा फार्म हाउस के निकट शाहपुर तिगरी में रविवार को प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पांच पौधे रोपे गए।

### शिक्षक नेता के भतीजे की गोलीमार हत्या

आगरा। आगरा के सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात को शिक्षक नेता के भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने अपने साथियों संग हमला बोला था। गोली मारकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

राजकीय शिक्षक संघ नेता जय गोविंद लवानिया ने बताया कि उनका भतीजा बिटू लवानिया ढाबा चलाता है। रात को वो सेवला में अपने दोस्त रवि व दो अन्य के साथ ऑटो में बैठा था। आरोप है कि मधुनगर निवासी जैकी अपने साथी के साथ आया। उसने आते ही बिट्टू के सीने में गोली मार दी।

### युवती ने अपने परिजन के खिलाफ कराई एफआईआर

अलीगढ़। अलीगढ़ में दूसरी शादी से इनकार करने पर युवती को घर से निकालने और उसके गहने वापस न देने का मामला सामने आया है। महुआखेड़ा थाना क्षेत्र की नितिका ने अपने पिता, भाई नितिन शर्मा और भाभी ज्योति शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। नितिका के मुताबिक, परिजन उस पर दूसरी शादी करने का दबाव बना रहे थे। उसने शादी से इनकार किया तो उसके साथ मारपीट की गई।

## सोनई में श्रीरामलीला महोत्सव आयोजित

गणेश महाराज की निकली शोभायात्रा, डोले पर श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा



तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा के सोनई कस्बे में श्रीरामलीला महोत्सव के 87वें समारोह का शुभारंभ गणेश महाराज की शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर थोक वृंदावनी, थोक कमल, थोक ज्ञान, नगला बरी और मुख्य बाजार से होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंची। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गणेश महाराज के डोले पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।, नथाराम पाठक, विजेंद्र उपाध्याय, प्रेम किशोर कौशिक, सुग्रीव सिंह, राधेश्याम कुशवाह और सत्येंद्र प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### यात्रियों की परेशानी बढ़ी, बस स्टैंड पर दिल्ली जाने वाली बसें खाली खड़ीं

## आगरा में सीजेपी के प्रदर्शन से रेल यातायात प्रभावित

- आगरा कैंट पर दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या कम, ट्रेन रद्द होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ी।

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। दिल्ली में सीजेपी के प्रदर्शन के चलते रेल यातायात प्रभावित होने से आगरा के यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की ओर जाने वाली इंटरसिटी समेत करीब 12 ट्रेनों पर इसका असर पड़ा है। तमिलनाडु, उत्कल और हीराकुंड जैसी लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। कुछ ट्रेनों के रद्द होने और कई के समय में



बदलाव के कारण यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि, रेलवे अधिकारियों के अनुसार दोपहर एक बजे के बाद स्थिति सामान्य होने लगी और बाकी ट्रेनों का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है। ट्रेनों के रद्द होने और समय में बदलाव का असर आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर भी दिखाई दिया। शनिवार को दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम रही। प्लेटफॉर्म पर इक्का-दुक्का यात्री ही नजर आए। स्टेशन पर मौजूद कई यात्री अपनी ट्रेन के इंतजार में बैठे रहे। कुछ यात्री दिल्ली के रास्ते वैष्णो देवी की यात्रा पर जा रहे थे। उनकी ट्रेन नियमित रूप से संचालित हो रही थी, लेकिन समय में बदलाव के कारण उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे यातायात प्रभावित होने के बावजूद आगरा में बस सेवाओं पर कोई खास असर नहीं पड़ा।

#### सुबह के समय ट्रेनों पर ज्यादा असर

रेल यातायात प्रभावित होने का असर शनिवार सुबह सबसे अधिक देखने को मिला। दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों के रद्द होने और देरी से चलने के कारण यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बदलनी पड़ी। इंटरसिटी समेत करीब 12 ट्रेनों के प्रभावित होने से दिल्ली जाने वाले यात्रियों के साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोग भी परेशान रहे। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, सुबह के समय ट्रेनों के संचालन में अधिक परेशानी हुई। दोपहर एक बजे के बाद हालात में सुधार हुआ और शेष ट्रेनों का संचालन सामान्य होने लगा।

#### हीराकुंड एक्सप्रेस के लिए करना पड़ा लंबा इंतजार

स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि ट्रेनों के समय में बदलाव से उनकी यात्रा प्रभावित हुई है। वैष्णो देवी जाने वाले एक यात्री ने बताया कि उनकी ट्रेन काफी देर से चल रही है, जिससे उन्हें स्टेशन पर इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, एक अन्य यात्री ने बताया कि उनकी हीराकुंड एक्सप्रेस पहले सुबह 11 बजे रवाना होने वाली थी, लेकिन अब इसके शाम चार बजे जाने की जानकारी दी गई है। ऐसे में उन्हें कई घंटे तक स्टेशन पर रुकना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन के समय में अचानक बदलाव होने से आगे की यात्रा की योजना बनाना भी मुश्किल हो रहा है। लेकिन दोपहर बाद भीड़ कम हो गई। बस स्टैंड पर दिल्ली जाने के लिए तीन से चार बसें खड़ी रहीं, लेकिन किसी भी बस में पूरी सवारियां नहीं भर पाईं।

### अध्यक्ष समेत 10 पदों के लिए वोटिंग, 30 हजार स्टूडेंट्स मतदान में हिस्सा लेंगे

## एएमयू में आंदोलन के बाद छात्रसंघ चुनाव का ऐलान

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (AMU) में 19 दिन के आंदोलन के बाद छात्रसंघ चुनाव की घोषणा हो गई है। इसके साथ ही कैंपस में चुनावी गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इस चुनाव में करीब 30 हजार छात्र-छात्राएं वोट डाल सकते हैं। संभावित उम्मीदवारों ने छात्रों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन चुनाव की तैयारियों में जुट गया है।

चुनाव में करीब 25 हजार छात्र और 5 हजार छात्राओं के मतदाता होने का अनुमान है। हालांकि, वोटरों की सही संख्या




आधिकारिक मतदाता सूची जारी होने के बाद ही पता चलेगी। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों और विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करना होगा। इसमें कक्षा में उपस्थिति, उम्र और अनुशासन से जुड़े नियम शामिल हैं।

सामान्य मानकों के अनुसार, कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी होती है। हालांकि, उम्मीदवारों की पात्रता विश्वविद्यालय के लागू नियमों के आधार पर तय होगी।

#### छात्रों और छात्राओं के लिए अलग-अलग पद

छात्रों के पैनल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव के साथ कैबिनेट के 10 सदस्यों के पदों पर चुनाव होगा। वहीं, छात्राओं के पैनल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव के अलावा कैबिनेट के 8 सदस्यों के लिए चुनाव होगा। इसके अलावा एएमयू कोर्ट काउंसिल के लिए अलग-अलग संकायों से 11 प्रतिनिधि चुने जाने का प्रस्ताव है।

#### दो निर्वाचन अधिकारी संभालेंगे जिम्मेदारी

चुनाव कराने के लिए विश्वविद्यालय ने दो निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए हैं। छात्राओं के चुनाव की जिम्मेदारी प्रो. नाजिया हसन और छात्रों के चुनाव की जिम्मेदारी प्रो. जावेद तालिब को दी गई है।

चुनाव टीम मतदाता सूची, नामांकन और मतदान की तैयारियां करेगी।

छात्रसंघ चुनाव की घोषणा के बाद कैंपस में चुनावी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

वहीं, पुलिस कैंपस के बाहर की गतिविधियों पर नजर रख रही है, ताकि चुनाव के दौरान कोई विवाद न हो।

अब छात्रों को मतदाता सूची, नामांकन और मतदान की तारीखों से जुड़ी आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

## मथुरा पुलिस ने 6 फर्जी सीबीआई अधिकारी किए गिरफ्तार

### झूठे केस में जेल भेजने की दे रहे थे धमकी, आई कार्ड भी किए बरामद

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा की थाना जमुनापार पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों पर आरोप है कि वह फर्जी CBI अधिकारी बनकर लोगों से धोखाधड़ी के जरिए रुपए वसूलने आए थे। पकड़े गए लोगों ने पीड़ित को झूठे केस में जेल भेजने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और शनिवार को सभी आरोपियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह पीड़ित की दुकान पर उसे धमकाने आए थे। पकड़ गए लोगों के पास से 2 फर्जी CBI के आई डी कार्ड भी मिले हैं। थाना जमुनापार क्षेत्र में लोहवन रोड पर देवेंद्र कुमार की सीमेंट, बदरफुट की दुकान और गोदाम है। यहां से लोहवन गांव का रहने वाला




रवि 7500 रुपए का सीमेंट लेकर गया। रवि ने UPI के जरिए 3 हजार रुपए का पेमेंट देवेंद्र की बेटी के खाते में कर दिया। शेष राशि जल्द देने की कहकर चला गया। इसी बीच 6 अक्टूबर को कर्नाटक के कलबुर्गी पुलिस का एक नोटिस देवेंद्र को जमुनापार पुलिस के माध्यम से मिला। जिसका जवाब देवेंद्र ने अपने वकील के जरिए दे दिया। देवेंद्र का आरोप है कि जवाब देने के कुछ देर बाद ही 7 अक्टूबर को उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने कहा कि वह क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर के डी यादव बोल रहा है। कॉलर ने देवेंद्र से कहा कि जो कर्नाटक में मामला चल रहा है वह उसे खत्म करा देगा। उसी रात चंद्रपाल प्रधान ने देवेंद्र को बताया कि वह टीम के साथ दुकान पर आयेंगे। 8 अक्टूबर को दो गाड़ियों से लोग आए। जिसमें रवि का भाई सोनू, सरिता बिहार दिल्ली किवासी करण राणा, कुणाल, छपरा बिहार निवासी सूरज, संगम बिहार गाजियाबाद निवासी कुलदीप व थाना रिफाइनरी क्षेत्र निवासी रवि थे। देवेंद्र ने बताया कि दुकान पर पहुंचते ही सभी ने 40 हजार रुपए मांगे और कहा कि तुम्हारा सेटेलमेंट करा देंगे। देवेंद्र ने मना किया तो सभी लोग धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगे और कहने लगे रुपए नहीं दिए तो झूठे केस में फंसा देंगे।

पृष्ठ 01 का शेष...

### चुनाव प्रक्रिया पर...

पत्र में कहा गया कि बूथ कैप्चरिंग की समस्या इतनी व्यापक थी कि संसद ने 1989 में इसे अपराध घोषित किया। मेजस्टिस उज्जल भुइयां ने कहा- वोटिंग से रोकने वाली प्रक्रिया मनमानीः सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज जस्टिस उज्जल भुइयां ने 4 अक्टूबर को NALSAR यूनिवर्सिटी में कहा था कि लाखों भारतीय नागरिकों को वोट देने के अधिकार से वंचित करने वाली कोई भी प्रक्रिया मूल रूप से मनमानी है। पूर्व CJI गवई बोले- विचाराधीन मामले पर बयान मर्यादा के खिलाफः पूर्व जस्टिस गवई ने कहा कि किसी लंबित मामले पर सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज को सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। यह न्यायिक मर्यादा के खिलाफ है। दिल्ली हाईकोर्ट के दो रिटायर्ड जजों ने भी ऐसा बयान देने से पहले हजार बार सोचना चाहिए था। पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज वी. गोपाला गौड़ा बोले- SIR पर फैसला वापस लिया जाएः पूर्व जज वी. गोपाला गौड़ा ने कहा- 'SIR पर आया फैसला वापस लिया जाना चाहिए। यह गैरकानूनी, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। सुप्रीम कोर्ट को इलेक्शन कमीशन से सभी रिकॉर्ड मंगाने चाहिए। इससे पता चलेगा कि SIR का फैसला पूरे आयोग ने बहुमत वाले चुनाव आयुक्तों की सहमति और मंजूरी से लिया था या नहीं।' इससे पहले सितंबर में 2,000 से ज्यादा नागरिकों ने एक ओपन लेटर में कोर्ट से SIR रोकने की अपील की थी। उन्होंने इसकी वैधता और प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच होने तक अभियान रोकने की मांग की थी। CJI सूर्यकांत को लिखे लेटर में साइन करने वालों ने वोटर लिस्ट के मैनेजमेंट और ECINet प्लेटफॉर्म से जुड़ी गड़बड़ियों की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की थी। लेटर पर दस्तखत करने वालों में पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल विष्णु भागवत, पूर्व आईएएस अधिकारी अदिति मेहता, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण, इतिहासकार आदित्य मुखर्जी और अभिनेता प्रकाश राज सहित शिक्षाविद, वकील, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। SIR प्रक्रिया से जुड़ी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। इसके अलावा चुनाव पैनल से जुड़े नए कानून की वैधता पर भी सुनवाई बाकी है। इस नए कानून में मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन पैनल से CJI को बाहर रखा गया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 5 अक्टूबर की सुनवाई में उन्हें निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से तो इनकार किया, लेकिन चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है।

### योगी ने अयोध्या से...

तो खुद अयोध्या से चुनाव लड़कर दिखाएं। इस बार अयोध्या ही नहीं, पूरे देश की जनता धर्म और धन चुराने वालों को बख्शेगी नहीं। सीएम ने कहा- समाजवादी पार्टी राज्यसभा दो सीट लड़ी। दो में से एक अखिलेश यादव के चाचा जान रामगोपाल यादव ले गए। दूसरी सीट एक धन्ना सेठ को बेच दी। यही है पीडीए। यानी परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी और 'पराया धन अपना'। जो पैसा दे दे, वह सीट खरीद ले। इसीलिए मैं कहता हूं पीडीए का वास्तविक मतलब है- प्रदेश डुबाऊ एलायंस। जिन्होंने प्रदेश को डुबाया, नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। नौकरियों पर जिन्होंने जबरन डकैती डाली, अन्नदाता किसानों को जिन्होंने बदहाल किया। बलरामपुर को देश का सबसे गरीब जनपद बनाकर छोड़ दिया था, वह है समाजवादी पार्टी। इन्होंने बेशर्मी के साथ गाली-गलौज की भाषा में सारे संस्कारों को तिलांजलि दे दी है। यह लोग देश को गुमराह करके अराजकता की ओर बढ़ाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। लेकिन भारत के आन, बान और शान के साथ मोदी जी के नेतृत्व में कोई खिलवाड़ नहीं होगा। इनका दोहरा चरित्र देखिए। यह चुनाव जीतें तो इनका पुरुषार्थ और चुनाव हार जाएं तो उसके बाद ईवीएम की गलती हो गई। योगी ने कहा- जिन पैसों से आज सनातन धर्म से जुड़े हुए स्थलों का पुनरुद्धार हो रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी मिल रही है। उसी पैसे का दुरुपयोग करते हुए ये लोग 2017 के पहले कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल के नाम पर खर्च करके, फिर उसी पैसे का दुरुपयोग करके दंगाइयों को प्रेरित और प्रोत्साहित करते थे। आज कोई प्रदेश में दंगा नहीं कर सकता। आज कोई बेटी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता। उसे मालूम है कि बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कीमत क्या होती है। उसकी दो ही कीमत होती हैं जेल या जहन्नुम। तीसरा कोई रास्ता नहीं मिलने वाला है। सीएम ने कहा- हम सपा और कांग्रेस से पूछना चाहते हैं कि उनको भी तो सत्ता में रहने का अवसर मिला था। कांग्रेस के समय में कॉमनवेल्थ घोटाला, खाद्यान्न घोटाला, कोल घोटाला, घोटाले पर घोटाले किए। एक लंबी श्रृंखला खड़ी हुई थी। देश की पहचान इन्होंने बदहाल कर डाली थी। सपा घोटालों की ही सरकार थी। नौजवानों के साथ खिलवाड़, उत्सव के पहले उपद्रव, हर दिन दंगा। न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी सुरक्षित था। उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन हो या कोई आयोग। सभी में इन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को बिठाकर नौजवानों के साथ खिलवाड़ किया था। इन्हें अपने कृत्यों के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### लोकतंत्र खत्म करने...

चाहे वो पीएम हों, गृहमंत्री हो। मोगैंबो मोदी भारत के लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। राहुल से मंच पर एक अन्य युवक ने कहा- मैंने काफी कठिनाई से पढ़ाई की। मैं सुदूर गांव आता हूं। मैंने इंग्लिश में पीजी किया, लेकिन आज भी ट्रांसलेशन की जरूरत पड़ती है। मैंने न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर सवाल उठाया। मैं दो भाषा को लेकर काफी चिंतित हूं, इससे मुझे डर लगता है। मैं एजुकेशन सिस्टम के प्राइवेटाइजेशन से डरता है क्योंकि मैं सरकारी स्कूल से पढ़कर आया। शिक्षा के जरिए मैं यहां खड़ा हो पाया, लेकिन मेरे जैसे कई है जिनको मौका नहीं मिलता, वे पीछे रह जाते हैं। मंच पर आया युवक राहुल से बोला- मैं उस बहन का भाई हूं, जिसकी नीट पेपर लीक मामले में जान चली गई। मैं आज दुनिया को बताने आया हूं कि उसने अपनी मौत से क्या सिखाया। वह जेंडर, कॉस्ट और अन्य तरह के भेदभाव में विश्वास नहीं करती थी। वह दलित थी। मुझे लगता है कि शिक्षा इकलौता हथियार है, जिसके जरिए गरीबी से बाहर निकाला जा सकता है। मेरे पिता ने हमें इसीलिए पढ़ाया, मेरी बहन भी पढ़ने में होशियार थी। राहुल बोले- हमने कहा कि जिज्ञासा तभी आती है जब आप अपनी संस्कृति से जुड़े हों। जिज्ञासा आपके फाउंडेशन का हिस्सा है। प्रोफेशन कोई भी हो वहां यह काम आती है जब आप सवाल पूछना शुरू कर देते हैं। यह प्रोग्रेस का हिस्सा है। पेरियार महान इंसान थे क्योंकि वे सवाल करते थे। छात्रा बोली- मैं बहुत सम्मानित महसूस करती हूं जब आप संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं। मैं आपको अपने घर न्योता देती हूं। छात्रा बोली- नॉर्थ चेन्नई में निगेटिव चीजे हैं कि वे कम पढ़े लिखे हैं, वो बस लड़ाई में रहते हैं। इसके चलते उनके साथ भेदभाव होता है। इसीलिए वे इससे लड़ने के लिए शिक्षा को हथियार बनाते हैं। हमें अंबेडकर से प्रेरणा मिलती है। राहुल बोले- सोचना आपको सवाल पूछने और नए भविष्य की परिभाषा तय करने में मदद करता है। यह आपको पसंद बनाने में मदद करता है। यही फाउंडेशन है। और यह फाउंडेशन आपकी भाषा, इतिहास और जमीन से जुड़ा होता है। बिना इस फाउंडेशन के जिज्ञासा नहीं आती आप सवाल नहीं पूछ सकते। हम यहां कुछ दोस्तों के साथ है ये तमिल फ्रेंड है। आज हम छात्रों के लिए यहां मौजूद हैं, उनकी समस्याएं सुनेंगे। इसलिए जब हम सवाल पूछेंगे कि छात्र क्या है तो रिसर्च करने पर पता चला कि पेरियार और तिरुवरूर ने इसके बारे में जानकारी दी। पेरियार ने स्टूडेंट को सिखाया कि कुछ भी फॉलो न करो जो भी कहे पहले उसे समझो। जितना आप सोचोगे उतना बेहतर निखरकर आओगे। सवाल पूछना स्टूडेंट की जिम्मेदारी है। राहुल बोले- ये मेरे लिए गर्व की बात है, जब मैं यहां आता हूं। मैंने पहले कहा था कि जब में यहां आता हूं जब वापस जाता हूं तो कुछ सीखकर जाता हूं। आज हम छात्रों के लिए यहां मौजूद हैं।

## इंडिया के खिलाफ सबसे बड़ा टी-20 रनचेज

# भारत एक साल में तीन सौ छक्के लगाने वाली पहली टीम

**मुकाबला**

रांची, एजेंसी

वेस्टइंडीज ने रांची में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में भारत को 6 विकेट से हरा दिया। टीम ने 250 रन का टारगेट 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। यह भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे बड़ा रनचेज भी है। भारत ने पहली पारी में 13 छक्के लगाए। इसके साथ ही टीम एक साल में 300 छक्के लगाने वाली पहली फुल मेंबर टीम बन गई। मैच में कुल 501 रन बने। यह सिर्फ दूसरी बार है, जब किसी टी-20 मैच में 500+ रन बने हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच रांची में कुल 79 बाउंड्री लगीं। इनमें 46 चौके और 33 छक्के शामिल थे। मेंस टी-20 इंटरनेशनल के एक मैच में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के नाम है। 2023 के इस मुकाबले में 81 बाउंड्री लगी थीं। होप ने रांची में 45 गेंद पर शतक पूरा किया। वे वेस्टइंडीज के लिए सबसे तेज टी-20 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। पहले स्थान पर 39 गेंद के साथ जॉनसन चार्ल्स हैं। होप ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना दूसरा शतक लगाया। वे वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा टी-20 शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने। इससे पहले क्रिस गेल और एविन लुईस यह कारनामा कर चुके हैं। होप ने टी-20 इंटरनेशनल में 15वीं बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए। वे इस मामले में एविन लुईस के साथ दूसरे नंबर पर हैं। क्रिस गेल 16 फिफ्टी-प्लस स्कोर के साथ पहले स्थान पर हैं। 6 रन बनाकर खेल रहे संजू सैमसन का तीसरे ही ओवर में कैच छूटा। अकील हुसैन की दूसरी गेंद पर संजू सैमसन ने शॉट खेला। गेंद कवर पर खड़े निकोलस पूरन के बाईं ओर गई। पूरन ने दोनों हाथों से कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथों में टिक नहीं सकी। उन्होंने 2 बार गेंद पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से छिटक गई।



**रांची में 501 रन बने। यह मेंस टी-20 इंटरनेशनल का दूसरा मैच है, जब दोनों पारियों में मिलाकर 500 रन बने हो। पहले स्थान पर साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज का मैच है। 2009 में सेंचुरियन में खेले गए इस मुकाबले में 517 रन बने थे।**

### भारत ने इस साल 311 छक्के लगाए

भारत ने 2026 के टी-20 इंटरनेशनल में 311 छक्के लगाए। पहली बार किसी फुल मेंबर यानी टेस्ट खेलने वाली टीम ने एक साल में 300 छक्के लगाए। इससे पहले भारत ने ही 2022 में 289 छक्के लगाए थे।

## सिर्फ दूसरी बार मैच में 500+ रन बने



रोमारियो ने 3.4 ओवर में बिना विकेट लिए 47 रन दिए।

### टी-20 में भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रनचेज

वेस्टइंडीज ने रांची में भारत के खिलाफ टी-20 का सबसे बड़ा रनचेज किया। इससे पहले भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 223 रन का टारगेट चेज किया था। ओवरऑल टी-20 इंटरनेशनल में यह दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। साउथ अफ्रीका पहले नंबर स्थान पर है, जिसने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 259 रन का टारगेट हासिल किया था।

## गावस्कर ने श्रेयस अय्यर की कैप्टेंसी पर सवाल उठाया

### कहा- मयंक यादव को 17वां ओवर क्यों नहीं दिया

नई दिल्ली, एजेंसी



दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे T20I में मयंक यादव को 17वां ओवर नहीं देने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस ओवर के लिए कुलदीप यादव की जगह मयंक यादव या अर्शदीप सिंह को चुना जा सकता था।

रांची में शुक्रवार को खेले गए मैच में भारत ने 250 रन का लक्ष्य दिया था। वेस्टइंडीज ने इसे 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया और पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की। कप्तान शाई होप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

कुलदीप ने 17वें ओवर में 24 रन दिए। इसमें तीन छक्के, एक चौका और एक वाइड शामिल थी। इस ओवर के बाद वेस्टइंडीज ने लक्ष्य का पीछा करने में बढ़त बना ली।

18वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप और रोमारियो शेफर्ड ने अर्शदीप के खिलाफ 17 रन बनाए। अक्षर पटेल के ओवर में दो छक्के लगाकर वेस्टइंडीज ने मैच जीत लिया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, 'मैं 17वें ओवर में अर्शदीप या मयंक में से किसी एक को गेंद देता। अर्शदीप ने अपने आखिरी ओवर में काफी रन दिए, लेकिन मयंक ने शुरुआती झटके दिए थे।'

उन्होंने कहा, 'गिरे हुए विकेटों में से तीन मयंक ने लिए थे। उसकी इकॉनमी करीब 12 रन प्रति ओवर थी। उस समय वेस्टइंडीज को इससे ज्यादा रनरेट चाहिए था।'

गावस्कर ने कहा, 'अगर मयंक एक विकेट ले लेते, तो वेस्टइंडीज दबाव में आ जाता।

## न्यूजीलैंड का पेसर भारत के खिलाफ वनडे-टेस्ट सीरीज से बाहर

### विलियम ओरूर्क चोट से उबर रहे, एक नवंबर से वनडे सीरीज

नई दिल्ली, एजेंसी



न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओरूर्क भारत के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे। वे चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। ओरूर्क बाएं पैर में जांघ और पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। बोर्ड ने इसे सावधानी से लिया गया फैसला बताया। ओरूर्क की नजर 9 दिसंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट में वापसी पर है। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा। 5 टी-20 के बाद 5 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद 2 टेस्ट मैच होंगे। ओरूर्क अप्रैल 2025 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में होने वाले इंटरनेशनल मैच में खेलने की उम्मीद कर रहे थे। पिछले घरेलू सीजन में पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह बाहर रहे थे। 7 महीने बाहर रहने के बाद उन्होंने अप्रैल में बांग्लादेश दौरे से वापसी की। उन्होंने वहां तीनों वनडे खेले। ओरूर्क ने जून में इंग्लैंड के खिलाफ तीनों टेस्ट खेले। नॉटिंघम में तीसरे टेस्ट के आखिरी दिन उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई।

अगस्त के अंत में ट्रेनिंग के दौरान उनकी काफ की मांसपेशी में खिंचाव आ गया। इसके बाद वह फिर रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले बड़े दौरे से विल का बाहर होना निराशाजनक है।' उन्होंने कहा, 'वह वनडे और टेस्ट सीरीज दोनों में खेलने वाले थे। बाद की बातचीत के बाद हम सभी इस बात पर सहमत हुए कि उन्हें दोनों चोटों से उबरने के लिए और समय देना बेहतर होगा।'

ओरूर्क को न्यूजीलैंड की T20I टीम में भी शामिल नहीं किया गया है। पांच मैचों की यह सीरीज 22 अक्टूबर से शुरू होगी। न्यूजीलैंड को इस टीम में पहले ही बदलाव करने पड़े हैं। चोटों के कारण मार्क चैपमैन और जैक फाउलक्स बाहर हो गए हैं।

## कहा- बॉलर्स के करियर दांव पर ■ बैट और बॉल पर बैलेंस जरूरी

# गंभीर ने हफ्ते में दूसरी बार पिच पर सवाल उठाया

नई दिल्ली, एजेंसी

हेड कोच गौतम गंभीर ने 8 दिन में दूसरी बार भारतीय फ्लैट पिचों पर सवाल उठाया है। शुक्रवार रात को टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ 250 रन बनाने के बावजूद दूसरा टी-20 हार गई। इस मैच में 500 से ज्यादा रन बने।

रांची में मैच के बाद गंभीर ने कहा- 'फ्लैट पिचों पर गेंदबाजों के करियर दांव पर लगे हैं। सरफेस में बैट और बॉल के बीच बराबरी का मुकाबला होना जरूरी है। उन्होंने मयंक यादव को अपनी रफ्तार पर भरोसा रखने की सलाह भी दी।

इससे पहले 3 अक्टूबर को गंभीर ने कहा था, 'यह क्रिकेट नहीं था, सिर्फ बल्लेबाजी थी।' गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में भारत ने 406 रन का लक्ष्य हासिल किया था। लखनऊ में पिछले मैच में महंगे साबित हुए मयंक यादव ने रांची में पावरप्ले के दौरान 3 विकेट लेकर वापसी की।

उनके प्रदर्शन पर गंभीर ने कहा, 'वह तेज गेंदबाज हैं और उन्हें तेज गेंदबाजी करनी चाहिए। वह स्लोअर बॉलर नहीं हैं।



**रांची में भारत ने 5 विकेट पर 249 रन बनाए थे। इसके बावजूद वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की नाबाद सेंचुरी और शेरफेन रदरफोर्ड के 84 रन की मदद से 9 गेंद बाकी रहते 6 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत से 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।**

### गंभीर बोले- गेंदबाज भी हमारे ही हैं

गंभीर ने कहा कि सभी चौके-छक्के देखना चाहते हैं, लेकिन गेंद और बल्ले के बीच बराबरी भी जरूरी है। उन्होंने कहा, 'अगर आप सिर्फ चौके-छक्के देखना चाहते हैं, तो हम भी देखना चाहते हैं।

लेकिन अगर आप बैट और बॉल के बीच बराबरी का मुकाबला चाहते हैं, तो हम भी यही चाहते हैं। गेंदबाज भी हमारे ही हैं, उनके करियर भी दांव पर लगे हैं। वे भी मेहनत करके इस ड्रेसिंग रूम तक पहुंचे हैं।'



### गंभीर बोले- 250 रन बनाने के बाद भी लक्ष्य नहीं बचा पाए

गंभीर ने कहा कि भारत वर्ल्ड चैंपियन टीम है और लगातार सुधार करना चाहती है। फ्लैट पिच और ओस में गेंदबाजी करना मुश्किल था, लेकिन टीम को बड़े स्कोर का बचाव करने का तरीका खोजना होगा। पहले ओवर में 2 विकेट और पावरप्ले में 3 विकेट लेने के बावजूद भारत 250 रन का लक्ष्य नहीं बचा सका। गंभीर ने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि टीम जीत की हकदार थी।

## मनोरंजन

### अमिताभ बच्चन से प्यार, अफेयर से इनकार,विनोद मेहरा को पति मानने से भी मना किया, एक्ट्रेस ने बताई रिश्तों की सच्चाई

# 72 की हुईं रेखा

नई दिल्ली। रेखा की जिंदगी जितनी ग्लैमरस दिखती है, उसके पीछे उतने ही दर्दनाक अध्याय छिपे हैं। बचपन में पिता जैमिनी गणेशन की बेरुखी मिली, तो परिवार की आर्थिक मजबूरियों ने किशोर उम्र में ही फिल्मों में काम करने पर मजबूर कर दिया। बड़े पर्दे पर सफलता मिली, लेकिन निजी जिंदगी लगातार सवालों के घेरे में रही। विनोद मेहरा से कथित शादी, अमिताभ बच्चन से रिश्ते की चर्चाएं और 1990 में पति मुकेश अग्रवाल की आत्महत्या के बाद लगे गंभीर आरोपों ने उन्हें भीतर तक झकझोरा। इन मुश्किलों के बावजूद रेखा ने खुद को संभाला और हिंदी सिनेमा में ऐसी पहचान बनाई, जो आज भी कायम है। बचपन में रेखा ने इस कमी को किस तरह महसूस किया, इसका अंदाजा उनकी एक मार्मिक बात से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा था कि शायद उन्होंने इस दर्द को अपने अंदर ही दबा दिया था। उस उम्र में उनका ध्यान होमवर्क और दूसरी छोटी-छोटी चीजों पर ज्यादा था। उन्हें अपनी बहन के ज्यादा सुंदर होने की भी चिंता रहती थी।

बड़ी होने के बाद रेखा को एहसास हुआ कि शायद उन्हें पिता की कमी महसूस हुई थी। उन्होंने कहा था कि जब आपने किसी चीज का स्वाद ही नहीं चखा हो, तो आपको नहीं पता होता कि वह चीज कैसी होती है। उनके लिए पिता शब्द का मतलब ही साफ नहीं था। रेखा ने बताया था कि उनके बचपन का बड़ा हिस्सा नानी और मौसी के साथ बीता, क्योंकि उनकी मां शूटिंग के सिलसिले में अक्सर बाहर रहती थीं। उनके पास कोई स्थायी पुरुष रोल मॉडल भी नहीं था। बाद में उन्होंने फिल्ममेकर मोहन सहगल को अपनी जिंदगी का पहला फादर फिगर बताया। इसके बाद जो हुआ, उसने उनकी जिंदगी बदल दी। स्कूल छूट गया और महज किशोर उम्र में वह फिल्म स्टूडियो के चक्कर लगाने लगीं। एक तरफ घर की आर्थिक जरूरत थी, दूसरी तरफ फिल्म इंडस्ट्री उनके लिए अनजान दुनिया थी। रेखा ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया था कि वह उस माहौल के लिए तैयार नहीं थीं।






### बचपन खत्म होने से पहले ही फिल्मों में धकेली गईं, मां ने कहा- परिवार के लिए काम करना होगा

रेखा के लिए फिल्मों में आना किसी सपने के पूरा होने की कहानी नहीं थी। वह अभिनेत्री बनना ही नहीं चाहती थीं। उस उम्र में उनके सपने किसी आम लड़की जैसे थे- प्यार करने वाला जीवनसाथी, शादी और ढेर सारे बच्चे। परिवार की आर्थिक स्थिति ने उनके इन सपनों को पीछे धकेल दिया। रेखा ने बताया था कि घर में कई बच्चों की पढ़ाई और दूसरे खर्चों की जिम्मेदारी थी।



मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रेखा और विनोद मेहरा ने मंदिर में गुपचुप शादी की है।

### पिता ने बेटी को कभी अपना नहीं समझा, स्कूल में देखते रहे लेकिन पहचान तक नहीं मिली

रेखा का जन्म 10 अक्टूबर 1954 को तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता जैमिनी गणेशन और अभिनेत्री पुष्पवल्ली के घर हुआ था। लेकिन पिता की मौजूदगी उनके बचपन का हिस्सा नहीं बन सकी। सिमी गरेवाल के शो 'रेंडेवू विद सिमी गरेवाल' में रेखा ने अपने बचपन और पिता के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया था कि जब वह बहुत छोटी थीं, तभी उनके पिता उनकी जिंदगी से चले गए थे। उन्हें याद नहीं था कि उनके पिता कभी घर में रहे हों। रेखा ने अपने माता-पिता के रिश्ते को रोमांटिक बताया था और कहा था कि उनकी मां अपने पिता के प्यार में बेहद डूबी हुई थीं। रेखा के लिए पिता की पहली याद भी किसी पिता-पुत्री के रिश्ते जैसी नहीं थी। उनके कई सौतेले भाई-बहन एक ही स्कूल में पढ़ते थे। जैमिनी गणेशन कभी-कभी अपने दूसरे बच्चों को स्कूल छोड़ने आते थे। रेखा ने बताया कि उन्हें दूर से देखकर उनके मन में आया था- 'ओह, ये अप्पा हैं।'

लेकिन रेखा के मुताबिक, उनके पिता ने उन्हें नोटिस

## अमिताभ बच्चन को हाईकोर्ट में पेश होने के निर्देश

### 16 नवंबर तक का समय दिया गया

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा है कि अमिताभ बच्चन को अपना पर्सनैलिटी राइट्स केस जारी रखने के लिए खुद अदालत में पेश होना होगा। बार और बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस पुरुषैंद्र कुमार कौरव ने यह निर्देश दिया। कोर्ट ने कुछ प्रतिवादियों के साथ हुए समझौते की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए बच्चन को 16 नवंबर 2026 तक का समय दिया गया है।

कोर्ट ने कहा कि अगर एक या अधिक प्रतिवादियों के साथ समझौता नहीं होता और बच्चन केस आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो अगली सुनवाई में उनकी व्यक्तिगत मौजूदगी जरूरी होगी। अमिताभ बच्चन ने अपने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए स्थायी रोक लगाने की मांग करते हुए यह केस दायर किया था। कोर्ट को बताया गया कि कुछ प्रतिवादियों के साथ समझौता हो चुका है। हालांकि, अभिनेता की ओर से कुछ लॉजिस्टिक्स संबंधी दिक्कतों के कारण समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर नहीं हो सके। 9 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान भी कोर्ट को बताया गया कि कुछ प्रतिवादियों के साथ समझौता हो गया है। हालांकि, औपचारिक समझौता अभी किया जाना बाकी है। कोर्ट ने आदेश दिया, "अगर समझौता नहीं होता या समझौता अधूरा रहता है और वादी किसी दावे या मुद्दे पर केस जारी रखना चाहता है, तो अगली सुनवाई में उसकी व्यक्तिगत मौजूदगी जरूरी होगी।"

### कमल हासन के 'भारत किसी का गुलाम नहीं' बयान के बाद बोलीं- यह तो चुभ गया होगा

# इलॉन मस्क को कंगना का जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी





अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट ने इलॉन मस्क और भारत में स्टारलिंक को लाइसेंस मिलने में हो रही देरी को लेकर चल रही बहस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अभिनेता और राज्यसभा सांसद कमल हासन के बयान का समर्थन किया। कंगना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हासन की टिप्पणी की तारीफ की।

कंगना ने कमल हासन की पोस्ट पर लिखा, "ओह!! यह तो चुभ गया होगा।" इसके बाद उन्होंने इलॉन मस्क को संबोधित करते हुए लिखा, "किसी भी अरबपति को किसी देश की नीतियां तय नहीं करनी चाहिए, चाहे वह भारत हो या अमेरिका। बहुत अच्छी बात कही और इसे अच्छी तरह समझाया। तीखा, सटीक और व्यंग्यात्मक।" मस्क के सवाल पर कमल हासन ने जवाब देते हुए X पर लिखा,मिस्टर मस्क, यह बात तय है कि कोई भी अरबपति किसी देश की नीति तय नहीं कर सकता चाहे वह भारतीय हो या अमेरिकी। हम एक लोकतांत्रिक देश हैं। भारत के लोग अपनी ताकतों और कमियों पर आपस में बहस करेंगे, सवाल उठाएंगे और उन्हें खुद सुधारेंगे। भारत एक आजाद लोकतंत्र है, किसी का गुलाम (कॉलोनी) नहीं। हम दुनिया के हर निवेशक और तकनीक का स्वागत करते हैं, लेकिन भारत का भविष्य केवल और केवल भारत की जनता तय करेगी। न कि पश्चिमी स्वार्थी तत्व, उनके दोहरे मापदंड या कोई भी अरबपति।

**राहुल बोले- दूसरे शख्स के मिलने तक इंतजार कीजिए**

**इससे पहले मस्क के सवाल पर राहुल गांधी ने जवाब देते हुए एक्स पर लिखा था,भारत में आपका स्वागत है, इलॉन। दूसरे शख्स के मिलने तक इंतजार कीजिए। राहुल गांधी के जवाब पर इलॉन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा- धन्यवाद, राहुल। यह वाकई परेशान करने वाला है।**

### कमल हासन ने इलॉन मस्क को दिया था जवाब

दरअसल, इलॉन मस्क ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर सवाल उठाए हैं। मस्क ने गुरुवार को X पर लिखा कि स्टारलिंक को दुनिया के 165 से ज्यादा देशों में सेवा देने की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी पिछले पांच साल से भारत सरकार के हर कानून और जरूरी शर्त का पालन कर रही है। इसके बावजूद उसे भारत में लाइसेंस क्यों नहीं मिला है? क्या अंबानी देश के रियल बॉस हैं?

### ट्रम्प बोले- वे मेरी वफादर, 7 बार से इस पद पर महिला चुनी गईं, 41 साल की जकारिया वकील रह चुकी हैं

# केटी जकारिया व्हाइट हाउस की नई प्रेस सेक्रेटरी बनीं

**ऐलान**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने केटी जकारिया को व्हाइट हाउस का नया सेक्रेटरी बनाया है। उन्होंने कैरोलिन लेविट की जगह ली है, जिन्होंने अगस्त में यह पद छोड़ दिया था।

41 साल की जकारिया वकील रह चुकी हैं और फिलहाल ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप में सलाहकार हैं। यह कंपनी ट्रम्प के सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल को चलाती है।

ट्रम्प ने शुक्रवार को उनकी नियुक्ति का ऐलान करते हुए कहा कि वह उनकी बहुत वफादार हैं और उनका रिकॉर्ड बेदाग है।

ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान चार लोगों ने व्हाइट हाउस के प्रेस सेक्रेटरी का पद संभाला था। सबसे पहली सीन स्पाइसर को छह महीने बाद ही पद से हटा दिया गया था। उन्होंने 2017 में ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह को सबसे ज्यादा देखे जाने का झूठा दावा किया था।

इसके बाद साराह सैंडर्स ने पद संभाला। ट्रम्प ने उनके काम की काफी तारीफ भी की। स्टेफनी ग्रिशम तीसरी प्रेस सेक्रेटरी बनीं, जिन्होंने ट्रम्प के कहने पर कभी प्रेस ब्रीफिंग नहीं की। 6 जनवरी 2021 को ट्रम्प समर्थकों के व्हाइट हाउस घेराव के बाद ग्रिशम ने पद छोड़ दिया था। अब ग्रिशम ट्रम्प विरोधी हैं। कैली मैकनेनी ट्रम्प कार्यकाल में व्हाइट हाउस की आखिरी प्रेस सेक्रेटरी रही। अब वे फॉक्स न्यूज के लिए काम करती हैं।



**केटी जकारिया से पहले लगातार 6 महिलाएं इस पद की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। आखिरी पुरुष प्रेस सेक्रेटरी शॉन स्पाइसर थे, जिन्होंने 2017 में ट्रम्प के पहले कार्यकाल की शुरुआत में यह पद संभाला था।**

### ट्रम्प ने टीवी पर देखकर पसंद किया था

42 साल की केटी जकारिया कैलिफोर्निया से हैं और उनके चार बच्चे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प ने जकारिया को टीवी पर देखने के बाद पसंद किया। जकारिया एक्सपर्ट के रूप में लगातार टीवी पर आती रही हैं। ट्रम्प TV पर उनके बात रखने के अंदाज से काफी प्रभावित हुए थे। ट्रम्प ने यह फैसला लेने से पहले अपने कई करीबी सलाहकारों से बात की थी। इनमें पूर्व प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिना लेविट भी शामिल थीं। लेविट ने अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने के बाद अगस्त के आखिर में प्रशासन छोड़ दिया था। उनकी जगह लेने के लिए CNN के कंजर्वेटिव कमेंटेटर स्कॉट जेनिंग्स, ट्रम्प की पूर्व वकील अलीना हब्बा और डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी एना केली के नाम भी चर्चा में थे।

1920 के दशक में व्हाइट हाउस में पत्रकारों की संख्या बढ़ रही थी। राष्ट्रपति के फैसलों और बयानों की जानकारी मीडिया तक पहुंचाने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी की जरूरत महसूस हुई। इसी वजह से 1929 में राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर ने जॉर्ज एकरसन को प्रेस सेक्रेटरी बनाया। वह पहले पत्रकार रह चुके थे।

डी डी मायर्स 1993 में व्हाइट हाउस की पहली महिला प्रेस सेक्रेटरी बनीं।

पहली अश्वेत प्रेस सेक्रेटरीः करीन जीन-पियरे ने मई 2022 में इतिहास रचा। वे इस पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत और LGBT व्यक्ति बनीं।

कैरोलिन लेविट ने जनवरी 2025 में 27 साल की उम्र में पद संभाला। वे व्हाइट हाउस की सबसे कम उम्र की प्रेस सेक्रेटरी बनीं।

स्टीफन अर्ली ने राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट के साथ करीब 12 साल तक काम किया।



राष्ट्रपति ट्रम्प प्रवक्ता केटी जकारिया के साथ। यह फोटो जकारिया ने इंस्टाग्राम पर शेयर की थी।

# सोना आज 1,784 रुपए महंगा, डेढ़ लाख पहुंचा

### चांदी 4 हजार चढ़कर 2.21 लाख पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने-चांदी की कीमतों में आज 9 अक्टूबर को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,784 रुपए चढ़कर 1.50 लाख रुपए पहुंच गया है।

इससे पहले 8 अक्टूबर को यह 1.48 लाख रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी 4,003 रुपए चढ़कर 2.21 लाख रुपए पर हो गई है, जो गुरुवार को 2.17 लाख रुपए पर थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 16,231 रुपए महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी 9,311 रुपए सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए था, जो अब 1.50 लाख रुपए पहुंच गया है।



वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो 2.21 लाख रुपए हो गई है।

इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

## फास्ट न्यूज

### पनामा में फिर लगे भूकंप के झटके

पनामा सिटी। मध्य अमेरिकी देश पनामा में कुदरत का कहर टूट पड़ा है। शुक्रवार को आए एक शक्तिशाली भूकंप के बाद अब वहां 6.0 तीव्रता का एक और नया झटका महसूस किया गया है। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को देश के दक्षिणी तट पर एक बेहद शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसकी शुरुआती तीव्रता 8.0 आंकी गई थी जिसे बाद में संशोधित कर 7.6 कर दिया गया। इस भीषण झटके से पूरे देश में हड़कंप मच गया ।

### दक्षिण कोरिया में सुपरमार्केट की छत भरभराकर गिरी

सियोल। दक्षिण कोरिया के डेगू शहर में शनिवार सुबह एक चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित सुपरमार्केट में प्लास्टर की छत का एक हिस्सा अचानक ढह गया। इस घटना में कम से कम 38 लोग घायल हो गए हैं। दमकल विभाग के नुसार, हादसे की सूचना सुबह 10:16 बजे मिली, जिसके तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। शनिवार सुबह जब सुपर-मार्केट में आम दिनों की तरह लोग खरीदारी कर रहे थे, तभी अचानक दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान की प्लास्टर वाली छत का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया।

### 'अयातुल्ला खामेनेई को मारना सबसे बड़ी गलती थी'

यरुशलम। इजरायल की डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख यायर गोलन ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर सवाल उठाते हुए उसे इजरायल के लिए एक गलती करार दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, गोलन ने शुक्रवार को स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिका-इजरायल युद्ध की शुरुआत में खामेनेई को निशाना बनाने से इजरायल के राष्ट्रीय हितों को कोई ठोस लाभ नहीं पहुंचा है।

# डियर प्राइम मिनिस्टर अंबानी अंदाजा नहीं था आपका इतना प्रभाव

### मस्क बोले 5 साल से हर शर्त मान रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

सेटैलाइट इंटरनेट स्टारलिंक की भारत में एंट्री को लेकर कंपनी के मालिक इलॉन मस्क ने रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी पर कटाक्ष किया हैं। मस्क ने सोशल मीडिया पर 'डियर प्राइम मिनिस्टर अंबानी' लिखते हुए कहा कि उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि भारत में उनका इतना प्रभाव है। मस्क ने कहा कि भारतीय बाजार में स्टारलिंक जैसी विदेशी कंपनियों को भी उतरने की इजाजत मिलनी चाहिए। उनका मानना है कि स्पेक्ट्रम का आवंटन इस तरह होना चाहिए जिससे केवल एक कंपनी का वर्चस्व न रहे और अन्य कंपनियों को भी व्यापार में बराबर का मौका मिले। डियर प्रधानमंत्री अंबानी जी, कृपया मेरी यह न समझ पाने की भूल को क्षमा करें कि भारत के असली मालिक आप ही हैं। जाहिर है, आप भारत के महान लोगों के बीच अपना एकाधिकार और फायदा बनाए रखना चाहेंगे, लेकिन फिर भी क्या आप 'स्टारलिंक' को भारत में मुकाबला करने की अनुमति देने पर विचार करेंगे? भारत में ऐसे कई इलाके हैं, जैसे दुनिया के हर देश में होते हैं, जहां इंटरनेट की पहुंच नहीं है। इस वजह से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और छोटे कारोबारियों को अपना सामान दुनिया भर के बाजार में बेचने का मौका नहीं मिल पाता। स्टारलिंक उनके जीवन को बेहतर बना सकता है। मस्क के इस पोस्ट में गुस्सा, व्यंग्य और निराशा झलक रही है। वे सीधे तौर पर आरोप लगा रहे हैं कि भारत में स्टारलिंक की एंट्री को रोकने के पीछे मुकेश अंबानी का एकाधिकार है।



### रुबियो बोले- कोर्ट धमकी देना बंद करे, वरना खत्म कर देंगे नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट से नाराज

# इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (ICC) पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि कोर्ट अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करना बंद करे, वरना अमेरिका उसे खत्म करने की कोशिश करेगा। अमेरिका कोर्ट से इसलिए भी नाराज है, क्योंकि उसने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत कई इजराइली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। अमेरिकी सरकार का आरोप है कि कोर्ट अमेरिकी और इजराइली नागरिकों को गलत तरीके से निशाना बना रहा है। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने ये प्रतिबंध ऐसे समय लगाए, जब कुछ ही घंटे पहले दक्षिण अफ्रीका की पूर्व न्यायाधीश नवी पिल्लै को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने की घोषणा हुई थी। भारतवंशी पिल्लै 2003 से 2008 तक ICC की अपील चैंबर में जज रही थीं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय के क्षेत्र में काम के लिए यह सम्मान दिया गया। उन्होंने इराक और अफगानि-स्तान में अमेरिकी सैनिकों की कार्रवाई से जुड़े संभावित मामलों की जांच में भी भूमिका निभाई थी। हालांकि, अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की योजना नोबेल पुरस्कार की घोषणा से काफी पहले बना ली थी। अमेरिकी प्रतिबंधों का असर उन कंपनियों पर भी पड़ सकता है, जो ICC को सेवाएं देती हैं। अमेरिकी कंपनियों को कोर्ट के साथ कारोबार करने से रोका जा सकता है। इससे उसकी बैंकिंग, बीमा और सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। प्रतिबंधों की आशंका को देखते हुए ICC ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर की जगह दूसरे विकल्प अपनाने और बैंकिंग व स्वास्थ्य बीमा के लिए नए इंतजाम करने शुरू कर दिए थे।




### कोर्ट बोला- प्रतिबंधों से काम नहीं रुकेगा

ICC की डिप्टी प्रॉसिक्यूटर नजहत शमीम खान ने अमेरिकी प्रतिबंधों की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून और एक स्वतंत्र अदालत के काम को कमजोर करने की कोशिश है। खान ने साफ किया कि प्रतिबंधों के बावजूद कोर्ट अपनी जांच और कानूनी कार्रवाई जारी रखेगा।



### नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट क्यों जारी हुआ

ICC ने 21 नवंबर 2024 को नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। अदालत के मुताबिक, गाजा के आम लोगों को खाने, पानी और दूसरी जरूरी चीजों से वंचित रखा गया, जिससे वहां गंभीर संकट पैदा हुआ। ICC ने माना कि हमास के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान गाजा के आम लोगों को बचाने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए। इसी मामले में इजराइल के पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इजराइल ने इन आरोपों को खारिज किया था। उसका कहना था कि ICC को इस मामले में कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है।

### कहा- पिल्लै को कोई नहीं जानता, मैंने 8 युद्ध रोके, हर युद्ध पर शांति पुरस्कार मिलना था

# ट्रम्प ने नोबेल नहीं मिलने पर नाराजगी जताई

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

ट्रम्प ने नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलने पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह पुरस्कार उन्हें नहीं देकर नॉर्वे ने अपने ऊपर ऐसा दाग लगा लिया है, जो कभी नहीं मिटेगा।

ट्रम्प ने इस फैसले को शर्मनाक और अपमानजनक बताते हुए कहा कि उन्हें हर जंग रोकने के लिए आठ बार पुरस्कार मिलना चाहिए था।

इस साल नोबेल शांति पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका की पूर्व UN मानवा-धिकार प्रमुख नवी पिल्लै को दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें कोई नहीं जानता। ट्रम्प बोले, नोबेल पुरस्कार आज एक लिबरल को दिया गया, जो संयुक्त राष्ट्र में काम करती हैं और जिनके बारे में किसी ने नहीं सुना। ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया था। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियार रखने वाले दोनों देशों को युद्ध से रोककर उन्होंने 5 करोड़ लोगों की जान बचाई। ट्रम्प ने कहा कि वह ईरान और रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। उनके मुताबिक, अमेरिका को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके लिए अमेरिका नॉर्वे को कभी नहीं भूलेगा। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि उन्होंने ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोका। अगर ऐसा नहीं होता, तो पूरे मिडिल-ईस्ट के साथ यूरोप और अमेरिका तक तबाही फैल सकती थी।





### 2018 से नोबेल प्राइज मांग रहे ट्रम्प

ट्रम्प के लिए नोबेल प्राइज मांगना कोई नई बात नहीं है। अक्टूबर 2018 में एक कार्यक्रम में ट्रम्प ने नोबेल शांति पुरस्कार का जिक्र करते हुए कहा था कि उन्हें शायद यह पुरस्कार कभी नहीं मिलेगा, भले ही ने कोरिया और सीरिया में शांति कायम करने की कोशिश कर रहे हों। इसके बाद फरवरी 2019 में उन्होंने खुलकर अपनी दावेदारी रखी। उन्होंने कहा कि जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने उन्हें नोबेल के लिए नामित किया है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इसे कभी नहीं जीत पाऊंगा। 2019 में एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल के जवाब में ट्रम्प ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्हें कई चीजों के लिए नोबेल मिलेगा, अगर पुरस्कार निष्पक्ष तरीके से दिया जाए।

**अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों को नोबेल शांति पुरस्कार मिल चुका है। इनमें थियोडोर रूजवेल्ट, वुडरो विल्सन, जिमी कार्टर और बराक ओबामा शामिल हैं।**

**बराक ओबामा को 2009 में यह पुरस्कार मिला था। वह राष्ट्रपति पद के पहले साल में थे। ट्रम्प ओबामा को मिले पुरस्कार से खास तौर पर नाराज रहे हैं।**

**ट्रम्प ने कहा था कि ओबामा को यह पुरस्कार मिलने की वजह उन्हें खुद भी पता नहीं थी।**

# 'पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग से डरते नहीं'

### यूएन में भारत की पाक को लताड़

जिनेवा, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया है। भारत ने स्पष्ट किया कि परमाणु हथियारों को रोजमर्रा की कूटनीति का जरिया नहीं बनाया जा सकता। जिनेवा में भारत के वरिष्ठ सलाहकार अनमोल शेर सिंह बेदी ने राइट ऑफ रिप्लाई का इस्तेमाल करते हुए कहा कि भारत किसी भी तरह की परमाणु ब्लैकमेलिंग के आगे कभी नहीं झुकेगा। भारत की क्षमताएं पूरी तरह से रक्षात्मक हैं और यह देश के अपने सुरक्षा माहौल के अनुसार तय होती हैं। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर भारत ने करारा जवाब दिया। भारतीय प्रतिनिधि ने जोर देकर कहा कि संपूर्ण जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न और अटूट हिस्सा है। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले भारतीय भूभागों को खाली करने की मांग की। भारत ने दोहराया कि वह हमेशा शांति का समर्थक रहा है, लेकिन अगर गैर-जिम्मेदाराना हरकतों पर कोई जवाबदेही तय नहीं होगी, तो शांति केवल दो संकटों के बीच का एक छोटा सा विराम बनकर रह जाएगी। भारत ने पाकिस्तान के काम करने के तरीके को उजागर करते हुए बताया कि सीमा पार से संकट पैदा करना एक तय ढर्रे पर चलता है। पहले उकसावे की कार्रवाई की जाती है, फिर उसकी जिम्मेदारी से इनकार किया जाता है, और जब भारत जवाब देता है तो संयम बरतने की दुहाई दी जाने लगती है।



**फैसला :** इसी वजह से भारत पर 100% टैरिफ की धमकी, जेलेंस्की बोले- पैसा जंग में इस्तेमाल होगा

# अमेरिकी चुनाव से पहले डीजल महंगा, ट्रम्प रूस से खरीदेंगे

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक 7 अप्रैल 2027 तक हटा दी है। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे।

यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी।

अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प तेल और डीजल की सप्लाई बढ़ाने जैसे कदम उठा रहे हैं।

हालांकि, इस फैसले पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे रूस को पैसा मिलेगा, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ करेगा। खास बात यह है कि सितंबर में ही ट्रम्प ने ऐसे कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर 100% तक टैरिफ लगाया जा सकता है। ईरान युद्ध के कारण दुनियाभर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। हालांकि, शुक्रवार को ट्रम्प के ऐलान के बाद डीजल की कीमतों में गिरावट आई।



### ट्रम्प बोले- रूस तुरंत 3 लाख टन डीजल भेजेगा

ट्रम्प ने बताया कि रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। ट्रम्प के मुताबिक, अगर सबकुछ ठीक रहा तो आगे चलकर 30 लाख टन डीजल भी भेजा जा सकता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने पुतिन का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कम कीमतें, खासकर अमेरिकी किसानों, पशुपालकों और ट्रक चालकों के लिए, उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं।



### जेलेंस्की बोले- डील से रूस को युद्ध लंबा खींचने में मदद मिलेगी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से डीजल खरीदने के समझौते की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इससे पुतिन की युद्ध लड़ने की ताकत बढ़ेगी और रूस ज्यादा आक्रामक हमले कर सकेगा। जेलेंस्की के मुताबिक, इस समझौते से रूस को युद्ध लंबा खींचने, ज्यादा लोगों की जान लेने और दुनिया को नुकसान पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# जॉर्जिया में घर में घुसकर पांच लोगों को गोलियों से भूना, इलाके में दहशत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के जॉर्जिया राज्य से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां डगलस शहर में एक रिहायशी मकान के भीतर अंधाधुंध गोलीबारी में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। डगलस पुलिस विभाग ने शनिवार को जानकारी दी कि पुलिस को शुक्रवार देर रात गोलियों की आवाज सुनने और फायरिंग की सूचना मिली थी। खून से लथपथ मिले पांच लोग

मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। घर के अंदर का नजारा बेहद डरावना था, जहां पांच लोग खून से लथपथ पड़े थे।पुलिस ने बताया कि गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए सभी पांचों लोगों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस ने बताया कि एक साथ पांच लोगों की हत्या के पीछे की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। पुलिस विभाग ने बताया है कि इस मामले की जांच जारी है और हर एंगल से सुराग तलाशे जा रहे हैं। हमलावर कौन थे और उन्होंने इस खौफनाक वारदात को क्यों अंजाम दिया, इसका खुलासा पुलिस की जांच के बाद ही हो सकेगा।



- डगलस, जॉर्जिया में एक घर में पांच लोगों की हत्या।
- पुलिस को शुक्रवार देर रात गोलीबारी की सूचना मिली।
- हत्या की वजह अभी तक साफ नहीं, जांच जारी।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676